आत्म-जागृति

स्व० मातेश्वरी हीरादेवी के स्मरणार्थ सादर भेंट

आत्महित के लिये पठन मनन रूप सदुपयोग प्रार्थनीय

[माघ सुदी ४ वीर सं० २४८३, सन् १९५७]

प्रकाशक —

केशरीचन्द धूपिया

४२, बद्रीदास टैम्पल स्ट्रीट,

कलकत्ता ४ (इण्डिया)

सुराना प्रिंटिंग वर्क्स, कलकत्ता ७

उद्बोधन

एक सत्पथ यात्री, अन्य सोये हुए सहयात्रियों को जगाकर अपने निजपथ पर चलने के लिये प्रेरित करना चाहता है—

हे जीव। अनादिकाल से तू मोहरूपी नींदमें, प्रमादरूपी नशे में बेमान होकर सो रहा है। बहुत सोया, अब तो जाग, सचेत होकर सद्गुरु-द्वारा अपने स्वरूप का भानकर। सवेरा हुआ, सम्यग् ज्ञानी रूप सूर्य उदय हुआ, यदि अब भी सोता रहेगा, तो कब जागेगा? इस नींद में, इसके विष तुल्य मिठास के नशे में तू बेभान सो रहा है। यदि अब भी तू न जागेगा तो यह दुर्लभ-सुयोग तथा मनुष्य देह रूपी नाव हाथ से निकल जायेगी। दिल, दिमाग रूपी ताकत—विचार शक्ति व्यर्थ में नष्ट हो जायेगी, कुछ हाथ न लगेगा। फिर पछताये होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत। अब भी समय है, मौका है। जाग, जाग! सचेत हो, सचेत हो! विचार कर, ध्यान से विचार कर!

"जहाँ चाह वहाँ राह।"

—केशरी

नम्र निवेदन

भव्य आत्मन्

हम आप, पशु पक्षी, पृथ्वी जल, अग्नि वायु वनस्पतिया सब बहते हुए 'चेतन शक्ति रूप' कण—जीव हैं। अनादि काल व्यतीत हुआ, यह धारा प्रवाह—जन्म मरण रूप भटकना जारी है, तथा अनत भविष्य जो सामने है, उसमे जीवका यह दुःख दायी भ्रमण जारी रहेगा। यदि मनुष्य जीवन पाकर भी अपने स्वरूप को भूले रहेंगे, तथा रूपी पदार्थों में ममत्व करते रहने के कारण इनके अनुकूल सयोग मे सुख एव प्रतिकूल सयोग मे दुःख मानते रहेंगे तो अपना यहदुःखदाई ससार भ्रमण न रुक सकेगा। जैसे एक कण की तरह बहते आये, हैं वैसे ही अनत काल तक इस धाराप्रवाह में बहते रहेंगे।

'बीती ताहे बिसार दे आगे की सुध ले'

इस दुर्लभ मनुष्य जीवन मे दिल वा दिमाग रूप 'मशीन' से विश्वास तथा विचार करने की शक्ति अपने को मिली है। इस अमूल्य साधन शक्ति को नाशवान शरीरादि के सुख दुःख मे इष्टानिष्ट भाव रखकर दुरुपयोग होने से बचाना चाहिये, तथा अपने चेतन स्वरूप दर्शन ज्ञान साक्षी स्वभाव को समझने एव विश्वास करने मे अपने इस शक्ति का सदुपयोग करने का हमेशा प्रयत्न करना चाहिये। इस प्रकार अपने अनादि मोह रूपी नशा को कम कर अपने आत्म दर्शन में बाधक शक्ति को क्रमश नष्ट करके बहिरात्मा से अन्तरात्मा बन कर क्रमश परमात्मा बना जा सकता है।

इस वस्तुस्थिति पर अपना विश्वास दृढ करने के लिये ऐसे भगवान महावीरादि महापुरुषों के उदाहरण की आवश्यकता होती है, जिन्होंने अपने अनुपम आत्मिक विश्वास को पूर्ण रूप से कार्य में परिणत किया है। ऐसे महान ज्ञानी पुरुषों का राग द्वेषादि समूल नष्ट हो जाने से उनका प्रवचन सत्य (स्याद्वाद) सप्रमाण तथा परमार्थमय होता है।

प्रत्येक वस्तु का स्याद्वाद रूप से प्ररुपण ही प्रमाणिक सत्य है, एकान्तवाद से यथार्थ नहीं। जैसे, कोई जन्मान्ध व्यक्ति हाथी के सूंड मात्र का स्पर्श कर वह सूंड को ही पूरा हाथी मान लेता है, वैसे ही आत्मा के एक अंश धर्म को जान कर उस धममात्र को पूर्ण आत्म स्वरूप मानते हुए आग्रह करना तथा आत्मा में रहे हुए अन्य धर्मों का विरोध करना एकान्तवाद है जैसे, आत्मा की सत्ता स्वरूप मात्र को पूर्ण ब्रह्म मान लेने मात्र से आत्म सिद्धि कैसे हो सकेगी ?

वैसे ही आत्मा के पर्याय-उत्पत्ति, विनाश रूप परिवर्तन मात्र को पूर्ण आत्म स्वरूप मानकर आग्रह करना तथा आत्म सत्ता को न मानना ही क्षणिकवाद है। वैसे ही आत्मा के किसी एक धर्म या अंश को पूर्ण आत्म स्वरूप मान कर दुराग्रह करनेवाले अन्यमत एकान्तवादी है। वस्तु के एक धर्म को अपेक्षित सत्य मानने में हर्ज नहीं, किन्तु उसका दुराग्रह कर उसके अन्य धर्मों का खंडन करना ही मिथ्या दर्शन है। अज्ञानता वश जीव ऐसी भूल करता है, फलतः वह अपने पूर्ण स्वरूप को जानने से वंचित रहता है।

प्रत्येक वस्तु—द्रव्य अनेक धर्मात्मक है। जिस वस्तु का जो जो स्वभाव है वही उसका धर्म है। प्रत्येक द्रव्य गुण पर्यायों सहित है, उत्पाद, व्यय, ध्रौव्ययुक्त है। द्रव्य गुण सत्ता रूपसे अविनाशी तथा पर्याय रूपसे विनाशी—परिवर्त्तनशील है।

प्रमाणिक स्याद्वाद युक्ति से वस्तु के पूर्ण स्वरूप का क्रमश वर्णन किया जा सकता है, उसके आधार पर विचार करने से वस्तु का पूर्ण स्वरूप समझा जा सकता है।

अत अपने अनादि मिथ्या-दृष्टिपन को त्यागकर सम्यग् दृष्टि बनने के लिये पहले मार्गानुसारीपन—नैतिकता (साधारण धर्म) के गुण जिससे मनुष्य मे पात्रता—योग्यता आती है, उसे जानना चाहिये। इस विषय को समझने के लिये निम्न चार दृष्टियों को समझना आवश्यक है। जैसे अनैतिक दृष्टि (अशुभ मिथ्या दृष्टि), नैतिक दृष्टि (शुभ मिथ्या दृष्टि), धर्म दृष्टि (शुभतर व्यवहार सम्यग् दृष्टि), तथा आत्म दृष्टि (शुद्ध सम्यग् दृष्टि)।

(१) अनैतिक दृष्टि—मनुष्य के लिये विषयुक्त भोजन की तरह है, जैसे हिंसावृत्ति, अत्याचार, बेइमानी, विश्वासघात, चोरी, डाका व्यभिचारादि। अत मनुष्य को इन बुरी आदतों को छोडना चाहिये, क्योंकि इन कार्यों से उसका कोई विश्वास नहीं करता, तथा राज से भी दंडित होता है। अत वह जन्म-भर दु खी रहता है, तथा मृत्यु के बाद नरकादि दुर्गति मे अत्यन्त दु ख पाता है।

(२) नैतिक दृष्टि – मनुष्य के लिये समान्य भोजन की तरह

इस वस्तुस्थिति पर अपना विश्वास दृढ़ करने के लिये ऐसे भगवान महावीरादि महापुरुषों के उदाहरण की आवश्यकता होती है, जिन्होंने अपने अनुपम आत्मिक विश्वास को पूर्ण रूप से कार्य में परिणत किया है। ऐसे महान ज्ञानी पुरुषों का राग द्वेषादि समूल नष्ट हो जाने से उनका प्रवचन सत्य (स्याद्वाद) सप्रमाण तथा परमार्थमय होता है।

प्रत्येक वस्तु का स्याद्वाद रूप से प्ररूपण ही प्रमाणिक सत्य है, एकान्तवाद से यथार्थ नहीं। जैसे, कोई जन्मान्ध व्यक्ति हाथी के सूढ मात्र को स्पर्श कर वह सूढ़ को ही पूरा हाथी मान लेता है, वैसे ही आत्मा के एक अश धर्म को जान कर उस धममात्र को पूर्ण आत्म स्वरूप मानते हुए आग्रह करना तथा आत्मा में रहे हुए अन्य धर्मों का विरोध करना एकान्तवाद है जैसे, आत्मा की सत्ता-स्वरूप मात्र को पूर्ण ब्रह्म मान लेने मात्र से आत्म सिद्धि कैसे हो सकेगी ?

वैसे ही आत्मा के पर्याय-उत्पत्ति, विनाश रूप परिवर्तन मात्र को पूर्ण आत्म स्वरूप मानकर आग्रह करना तथा आत्म सत्ता को न मानना ही क्षणिकवाद है। वैसे ही आत्मा के किसी एक धर्म या अश को पूर्ण आत्म स्वरूप मान कर दुराग्रह करनेवाले अन्यमत एकान्तवादी है। वस्तु के एक धर्म को अपेक्षित सत्य मानने में हर्ज नहीं, किन्तु उसका दुराग्रह कर उसके अन्य धर्मों का खडन करना ही मिथ्या दर्शन है। अज्ञानता वश जीव ऐसी भूल करता है, फलत वह अपने पूर्ण स्वरूप को जानने से वंचित रहता है।

प्रत्येक वस्तु—द्रव्य अनेक धर्मात्मक है। जिस वस्तु का जो जो स्वभाव है वही उसका धर्म है। प्रत्येक द्रव्य गुण पर्यायों सहित है, उत्पाद, व्यय, ध्रौव्ययुक्त है। द्रव्य गुण सत्ता रूपसे अविनाशी तथा पर्याय रूपसे विनाशी—परिवर्त्तनशील है।

प्रमाणिक स्याद्वाद युक्ति से वस्तु के पूर्ण स्वरूप का क्रमश वर्णन किया जा सकता है, उसके आधार पर विचार करने से वस्तु का पूर्ण स्वरूप समझा जा सकता है।

अत अपने अनादि मिथ्या-दृष्टिपन को त्यागकर सम्यग् दृष्टि बनने के लिये पहले मार्गानुसारीपन—नैतिकता (साधारण धर्म) के गुण जिससे मनुष्य में पात्रता—योग्यता आती है, उसे जानना चाहिये। इस विषय को समझने के लिये निम्न चार दृष्टियों को समझना आवश्यक है। जैसे अनैतिक दृष्टि (अशुभ मिथ्या दृष्टि) नैतिक दृष्टि (शुभ मिथ्या दृष्टि), धर्म दृष्टि (शुभतर व्यवहार सम्यग् दृष्टि), तथा आत्म दृष्टि (शुद्ध सम्यग् दृष्टि)।

(१) अनैतिक दृष्टि—मनुष्य के लिये विषयुक्त भोजन की तरह है, जैसे हिंसावृत्ति, अत्याचार, बेईमानी, विश्वासघात, चोरी, द्वारा व्यभिचारादि। अत मनुष्य को इन बुरी आदतों को छोड़ना चाहिये, क्योंकि इन कार्यों से उसका कोई विश्वास नहीं करता, तथा राज से भी दंडित होता है। अत वह जन्म-भर दु खी रहता है, तथा मृत्यु के बाद नरकादि दुर्गति म अत्यन्त दुःख पाता है।

(२) नैतिक दृष्टि—मनुष्य के लिये समान्य भोजन की तरह

है, जैसे, आवश्यकतानुसार हिंसा (आरम्भादि) सदाचार, इमानदारी, स्वधन, स्वस्त्री में सन्तोष से जीवन बितानेवाला मनुष्य विश्वासपात्र बनता है, तथा वह धर्म पालने के योग्य बनता है। नैतिकता सामाजिक जीवन का मेरुदण्ड है। इस दृष्टिवाला मनुष्य आप भी जीता है तथा दूसरों को भी जीने देता है। किन्तु धार्मिक विश्वास घट जाने से तथा विलासिता के साधन बढ जाने से मनुष्यों की धन पिपासा तथा कामना वासना अत्यधिक बढ गई है, जिससे नैतिकता की जड खोखली हो गई है, धर्म को लोग ढोंग समझने लगे हैं। किन्तु धर्म, समाज राज्य विरुद्ध आचरण कर किस लाभ की आशा से लोग धन सचय करते हैं ? यह विचारणीय विषय है।

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान।
तुलसी दया न छाड़िये, जब लग घट में प्राण।

(३) धार्मिक दृष्टि—यह मनुष्य के लिए मिष्ट, पुष्ट भोजन की तरह फलदायक है। जैसे, अहिंसा, सत्य, शौच, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, क्षमा, विनय, सरलता निर्लोभता, तपश्चर्या रूप धर्म पालने से मनुष्य की सद्गति होती है। धर्म मनुष्य को दुर्गति में जाने से बचाता है। तथा आत्म दृष्टि होने पर वह कर्मों के बंधन से मुक्त होता है।

(४) आत्म दृष्टि—यह मनुष्य के लिये अमृततुल्य फलदायक है। वत्थु सहावो धम्मो —वस्तु का जो स्वभाव है वही उसका धर्म है। आत्मा का चेतन लक्षण—दर्शन ज्ञान उपयोग स्वभाव

हैं। अत आत्मा स्वरूप के यथार्थ ज्ञान में श्रद्धा, रमणता, स्थिरता ही आत्म धर्म है।

"तु तेरा सम्भाल" श्री सहजानन्द।

यह वाक्य कहनेवाले महात्मा का आशय है कि तू—आत्मा तेरा—दर्शन ज्ञानमें, सम्भाल—उपयोग रख, रमण कर। किन्तु भिन्न दृष्टिवाले चार मनुष्य अपनी-अपनी दृष्टि के अनुसार निम्न प्रकार से इसका अर्थ ग्रहण करते हैं। जैसे,

१—अनैतिक दृष्टि वाला मनुष्य इस वाक्य का बुरा-अशुभ अर्थ ग्रहण करता है, "मुझे अपने शरीर को सम्भालने के लिये कहते हैं।" अत यह नीति या अनीति किसी भी तरह से धन कमाकर मासादि तामसिक भोजन तथा देहाध्याय में जीवन व्यतीत करता है।

२—नैतिक दृष्टिवाला मनुष्य इस वाक्य का साधारण शुभ अर्थ ग्रहण करता है, कि "मुझे अपने शरीर को तन्दुरुस्त रखना चाहिये" अत नीतिसे धन कमाकर राजसिक भोजन से जीवन यापन करता है।

३—धार्मिक दृष्टि वाला मनुष्य इस वाक्य का शुभ विवेक पूर्ण अर्थ ग्रहण करता है कि "मुझे धार्मिक आचरण के द्वारा अपने को सम्भालना चाहिये" अत यह नीति एव धम पूवक धन कमाकर दानादि देता हुआ, सात्विक भोजन से जीवन यापन करता है।

४—आत्मिक दृष्टि वाला मनुष्य इस वाक्य के मर्म को समझ कर शुद्ध-यथार्थ अर्थ ग्रहण करता है। कि "मुझे अपने

आत्म-स्वभाव में रमण करना चाहिये।" अत वह अपने ज्ञानादि गुणों में उपयोग रखता हुआ, शुभाशुभ कर्मों के उदय में अव्यापक रहकर ज्ञाता, द्रष्टा साक्षी रूप से जीवन यापन करता है।

इन उदाहरणों से आप आत्मदृष्टि सम्यग् दृष्टि की महिमा महसूस करते होंगे तो आप सम्यग् दृष्टि बनने के लिये प्रयत्न शील होवें। यह निकट भव्य जीव का लक्षण है। इससे उत्तरती धार्मिक दृष्टि की उपयोगिता है ही। जिसमें दया, दान, व्रत, नियम, क्षमादि की आराधना कर्तव्य है। अत इस "आत्म जागृति" पुस्तक में सम्यग् दर्शन–तत्वों को यथार्थ समझने, जानने प्रतीति करने के लिये यह अल्प प्रयास किया गया है। आशा है, कि आप आत्म हित के लिये इसे अवश्य ध्यान पूर्वक पढ़कर लाभ उठावेंगे।

मेरा यह प्रथम प्रयास होने से सर्वज्ञ की वाणी के प्रतिकूल लिखा गया हो, अथवा दृष्टि चूकने से अशुद्धियां रह गई हों, उसके लिये मन, वचन काया से मिच्छामि दुक्कडम् देता हूँ।

तथा आप से निवेदन है कि अशुद्धियों का सुधार कर पढ़ें। श्री भवरलाल नाहटा आदि ने प्रूफादि संशोधन किया है, अत उन्हें हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

विनीत—केशरी

ॐ

परम योगिराज सद्गुरु श्री सहजानन्दजी

के कर-कमलों में विनय भक्ति

पूर्वक सादर समर्पण।

विनीत—भंडारी

स्व० मातेश्वरी हीरादेवी

पच्चीस वर्ष की अल्प वयस् में विधवा होनेके बाद गृह तथा शरीर के कार्य को गौणरूपसे चलाते हुए आत्महित के लिये भगवान महावीर के बतलाए श्राविका के १२ व्रतों को मुख्य रूप से पालन किया। तथा श्री नवपद ओली बीशस्थानक ओली आदि तपश्चर्याएं तथा तीर्थयात्राएँ कर अपना मनुष्य जन्म सफल किया।

जन्म वीर सं २४१] [देहान्त वीर २४८२

विषय सूची

आत्म जागृति

ॐकार बिन्दु-सयुक्त नित्य ध्यायन्ति योगिन.
कामद मोक्षद चैव ॐकाराय नमोनम ।

ॐ मे पच परमेष्ठि स्थित है। जैसे, आराध्यदेव अरिहत भगवान एव ध्येय स्वरूप सिद्ध परमात्मा। सहायक सद्गुरु जैसे, आचार्य साधु, उपाध्याय साधु, एव अढाइ द्वीप के पन्द्रह कर्म भूमियो म मोक्ष मार्ग का साधन करनेवाले सब साधु, इनका मोक्ष साधन मार्ग आत्म धर्म सम्यग् दर्शन ज्ञान चारित्र स्वरूप, याने मोक्ष साधक आत्माओं से लेकर लक्ष्य स्वरूप सिद्ध परमात्मा पर्यन्त समाया हुआ है।

ॐकार प्रणव, अनादि मत्राक्षर है, एव पच परमेष्ठि बीज, त्रैलोक्य बीज तथा चौदह पूर्वो का सार है।

अत विनय भक्ति से नमस्कार, वन्दन, स्मरण करने से सर्व पापों का नाश होता है।

प्रवृत्ति से निवृत्त हो, सामायिक लक्ष्य—'ॐ' का अपने मुख मण्डलमें इस प्रकार स्थापना करें, जैसे, 'ब्रह्मरन्ध्र' मस्तक के मध्य बिन्दु मे अपने परम लक्ष्य स्वरूप सिद्ध परमात्माको, 'भृकुटि' चन्द्र मे अपने आराध्य देव अरिहत भगवान को, एव नाक पर आचार्यसाधु, होंठ पर उपध्याय साधु, ठाडी पर सबसाधुओं को ॐकार स्वरूप मे स्थापित कर विचारपूर्वक एकाग्रता से ॐ नम का नियमित जप करने से तथा हमेशा मनम स्मरण रखने से जीव की अवस्था उन्नत होती है। क्रमश आत्म जागृति होनेपर समता भाव धारण कर मनुष्य मोक्ष के अनुकूल बनता है।

महामत्र नवकार, चौदह पूर्वों का सार

णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं, एसो पंच णमुक्कारो, सव्व पावप्पणासणो, मंगलाण च सव्वेसिं, पढम हवइ मंगलं।

सिद्ध परमात्मा श्रेष्ठ होने पर भी, अरिहत भगवान ने मोक्ष का मार्ग एव सिद्धो का स्वरूप हमे बतलाया है। अत परम उपकारी होने के कारण उनको पहले नमस्कार करते है।

चचलता को कम कर मन को एकाग्र करने के लिये तथा एक ध्यान से नवकार का स्मरण-जप करने के लिये ऊपर ॐकार की स्थापनादि की विधि बतलाई है।

इस प्रकार एक चित्त से जप करने से, मन एकाग्र होकर सधेगा, फलस्वरूप शान्ति, आनन्द प्राप्त होगा। मन को विशेष रूप से साधने के लिये ध्यानाधिकार म पिण्डस्थादि ध्यान पढ़े।

ॐ नम

आत्म जागृति

ॐ वीतराग भगवन् महावीराय नम

ॐ सहजानन्द आत्म स्वरूप सद्गुरुभ्यो नम

जीव की बहिरात्मदशा, अन्तरात्मदशा और परमात्मदशा।

(आत्म-स्वरूप-विकाश-ज्ञान साधन)

अनादि काल से जीव की चेतन-शक्ति अज्ञानतावश ससार भ्रमण का कारण बन रही है। उस चेतन शक्ति रूप जीव के अनादि भ्रमजाल को नाश करने मे समर्थ वीतराग सर्वज्ञ देव की अमृत तुल्य वाणी को, तथा उसके मर्म को समझ कर उसे अपने जीवन में वर्तनेवाले सद्गुरु को विनय भक्ति से वन्दन करता हूँ।

आचारांग सूत्र से —'एग जाणइ से सव्व जाणइ',

भावार्थ —जिसने आत्मा को पहचाना, उसने अन्य सब जाना।

भगवती सूत्र से —'आया खलु सामाइय',

अर्थ —आत्मा ही सामयिक है।

भावार्थ —आत्मा का स्वभाव समभाव है, विषम भाव नहीं।

विषम भाव —ममता-रमता अज्ञता, चचलता दु ख भाव,
मोह-वेदकता भ्रमणता यह सब जीव विभाव।

सम भाव —समता-रमता विज्ञता, अचलता सुख भाव,
ज्ञान वेदकता स्थिरता, यह सब जीव स्वभाव।

समता भाव आत्म साधन-स्वरूप

चेत चेत रे चेतन, नव जागरण के स्फुरण में।
रख निर्वैर बुद्धि जगत् के जीवा से,
रख अहिंस बर्ताव जगके प्राणियों से।
रख सम भाव साधक! आत्मा—परमात्मामें,
रख अटल विश्वास सर्वज्ञ के अनुशासन में ॥१॥
रह कमलवत् निर्लेप जगत् के जीवन मे,
रह अचिन्त्य कल्पित दु खों के क्रन्दन मे,
रह अलिप्त क्षणिक सुखों के स्पन्दन मे,
रह चपल जग मे अचल स्वसमवेदनमें ॥२॥
कर अचल श्रद्धा चेतन स्वभाव के स्फुरण मे,
कर अखड बोध चिन दर्शन ज्ञान के स्पदन मे,
कर अकम्प साधना चेतनस्वरूप के उपयोगनमें,
कर असीम स्थिरता चेतनस्वरूप के विकाशन मे ॥३॥

समता भाव का फल —

लहे वीतराग दशा जगत् के जीवन से,
लहे निर्विकल्प दशा धन से तन मनसे,
लहे केवल ज्ञान दशा चेतन-सत्ताके मध्य से।
लहे परमानन्द दशा चेतनशक्ति के व्यक्त मे ॥४॥

मनुष्य गति रूप वृक्ष का उदाहरण—

मनुष्यों का सरलतासे आत्म बाध करानेके लिये ज्ञानियोकी युक्ति।
मोह-लोभ रूपी हाथी मनुष्य गति मे रहे जीवा की जिन्दगी

को बरबाद कर रहा है। वृक्ष की 'आयुकर्म, वेदनीय कर्म रूपी' दो डालियों के सहारे मनुष्य लटक रहा है। वृक्ष मे रहे हुए मधु के छत्ते रूपी पुण्य, जिससे टपकती हुई सुख रूप बून्दों का भोजन कर मनुष्य प्रसन्न हो रहा है। उसके मिठास में वह आसक्त है, पागल है। इधर मनुष्य-आयु-वेदनीय रूप दो डालों को 'दिन या रात रूप' चूहे खाकर नष्ट कर रहे हैं।

नीचे भयानक ससार समुद्र है, जिसमे 'चारगतिरूप' चार मगरमच्छ वृक्ष से गिरनेवाले मनुष्य को हड़पने के लिये तैयार है। लोभी मनुष्य की ऐसी दयनीय दशा देखकर सम्यग्दृष्टि सत पुरुष उस दिशा मूढ़ मनुष्य को उसकी दयनीय अवस्था का भान कराना चाहते हैं, उसे उसकी करुणाजनक दशा से सचेत करना चाहते हैं।

किन्तु बूद-बूद सुख में आसक्त मनुष्य कहता है, कि जरा ठहरिये, यह गिरती हुई बूँद को लेलूँ। उस बून्द को लेने के बाद, सद्गुरु उसे फिर सावधान करते हैं, लेकिन बारम्बार वही जवाब मिलता है। देखिये, विचारिये उस मनुष्य की कैसी मूढ़ दशा है।

भव्य जन! आप भी अपनी अपनी लोभ दशा से तुलना कर। सुख सब को प्रिय है, क्योंकि जीव को पुण्य के फल रूप सुख का स्वाद मीठा लगता है। किन्तु जैसे मिठाई मीठी होने के कारण अच्छी लगती है, लेकिन जरूरत से ज्यादा खाने मे आजाने से कुछ समय के लिये उससे अरुचि हो जाती

है, तथा अजीर्ण होकर स्वास्थ्य बिगडता है। वैसे ही मनुष्य अपने पच इन्द्रियों के तेईस विषयों में रुचि-कामना करता है। उनको भोगते हुए उनके स्वाद में आसक्ति होने के कारण उसकी तृष्णा अधिक बढ़ती है।

किन्तु भोगोदय के अतिरिक्त अपनी बढ़ती हुई इच्छा के कारण अधिकाधिक भोग भोगता है, तथा आसक्ति के नशे म बेभान हो जाता है, फलस्वरूप वह दु खी होकर, मरने पर दुर्गति में जन्म लेता है।

मोह, लोभ से मूर्छित मनुष्य ऐसे क्षणिक सुख, जिसका फल दु खदाई है, तथा दूसरों के सयोग से मिलता है, एव उसे पराधीन बनानेवाले दु ख रूप सुखों को अपना सुख मानने की भूल करता है।

१—जैसे, नींद मे सोया हुआ मनुष्य अपने स्वप्न को सत्य घटना मानता है, तथा जागने पर स्वप्न को असत्य मानता है, तथा अपने जीवन को सत्य मानता है, किन्तु वह अपनी मृत्यु के समय इस जीवनको भी स्वप्न की तरह असत्य समझ पाता है।

किन्तु खेद ! समय पर वस्तुस्थिति को न समझने से अवसर चूक जाता है। दुर्लभ मनुष्य जीवन को निरर्थक खो देता है। अत समय रहते मनुष्य को सचेत होना कर्तव्य है।

२—जैसे, बालकपन म मनुष्य अपने खेल कूद को महत्त्व देता है, जब वह जवान होता है, तब बाल लीला को उपेक्षा से

देखता है, तथा अपनी प्रेम लीला को महत्त्व देता हैं। लेकिन जब वह वृद्ध होता है, तब प्रेम लीला को उपेक्षा से देखता हुआ, अपने मान सन्मान को विशेष महत्त्व देता है।

३—इसी प्रकार मिथ्यादृष्टि मनुष्य अपने परिवार तथा शरीरादि को ही अपना समझ उनके कल्पित सुखों के काम में हमेशा व्यस्त रहता है। उसे अपना कर्तव्य समझ मुख्य रूप से महत्त्व देता है।

अतः जैसे, दीये से दीया जलता है, वैसे ही उस मिथ्या-दृष्टि मनुष्य को सम्यग्दृष्टि सद्गुरु सावधान कर कहते हैं।

हे, भव्य जीव। तू शरीर को ही स्वयं मान रहा है, तथा शरीर इन्द्रियों के सुख को ही अपना सुख मानने की भूल अनादिकाल से करता आ रहा है। इसीलिये तु अब तक दुःख-दायी ससार भ्रमण कर रहा है। यदि मनुष्य जीवन पाकर अब भी इस भूल को न सुधारेगा, तो कब सुधारेगा? अनन्त भविष्यकाल जो सामने है, उसमे यदि दुःख नहीं पाना हो तो सचेतन हो, सावधान होकर अपने ज्ञान चक्षु को खोलकर अपनी दृष्टि को सम्यग् बना, यान वस्तु स्थिति को यथार्थ रूप से देखने की अपनी शक्ति को शुद्ध बनाने का प्रयत्न कर। जैसे, एक जौहरी की दृष्टि, एक पुड़िया मे मिले हुए हीरों तथा कांच के टुकड़ों की परीक्षा कर काच के टुकड़ों को अलग कर हीरों का उचित मूल्य लगाने से उस जौहरी को अपने व्यापार मे लाभ होता है। नजर चूकने से यदि वह कांच के

टुकड़े को हीरा समझने की भूल करता है तो उसे व्यापार में नुकसान होता है। इसी तरह, हे भव्य आत्मन! तुम शरीर में रहते हुए अपनी आत्मा 'चेतन लक्षणयुक्त दर्शन ज्ञान उपयोग स्वभाव' को पहचानो, प्रतीत करो, हार्दिक श्रद्धा करो।

भवरूपी सागर को पार करने में जहाज के समान पुष्ट अवलम्बनरूप वीतराग भगवान महावीरादि को अपना आराध्यदेव मानो, उनके प्रवचन के मर्म को समझकर उनके बतलाये मोक्ष मार्ग का अनुसरण करनेवाले सम्यग्दृष्टि साधु को सद्गुरु मानो, उनकी आज्ञाओं को सत्य धर्म मानो, एवं उनकी स्याद्वाद रूप वाणी को सत्य शास्त्र मानो, श्रद्धा करो, यथा शक्ति अनुसरण करो।

ऐसे सत् उपदेश से यदि मनुष्य प्रतिबोध पावे, तथा अपने चिर शत्रु मोह-ममता, तीव्र क्रोध मान, माया लोभ रूप कषाय भावों को उपशमादि करके शान्त कर सके तो उसकी दृष्टि सम्यग् बनने से वह सम्यक्त्व को प्राप्त करता है। तथा अपने अनादि मिथ्या भाव को छोड़ता है। इस प्रकार मनुष्य की आत्मा जाग्रत् होने से, स्व-पर के भेद ज्ञान रूप सद् विवेक उसे होता है। इस विवेक ज्ञान के द्वारा वह अपने शरीरादि को अजीव, जड़, विनाशी मानता है, एवं अपनी आत्मा के चेतन शक्ति रूप दर्शन ज्ञान उपयोग स्वभाव के अविनाशी स्वरूप को जानता है। उसे ऐसा भान होता है, कि जैसे, दूध में घी, तिल में तेल समाया हुआ है प्रयत्न करने से अलग हो सकता है। उसी

प्रकार अनादिकाल से जीव अपने कर्मों के बंधन से जकड़ा हुआ है, यदि वह अपने कर्मों के फल शरीरादि में मोह-ममता करना छोड़े तथा उसके सुख में राग, दुःख में द्वेष करना कम कर, आत्म साधन करे तो कर्मों के बंधन से मुक्त हो सकता है। इस प्रकार मनुष्य को आत्म विश्वास होने से वह अपनी बुरी करणी पाप का कड़वा फल दुःख, अच्छी करणी पुण्य का फल सुख की परख, पाप पुण्य आने का मार्ग आश्रव की परख, तथा आश्रव से आते हुए कर्मों को रोकने रूप संवर की परख पहचान करता है, तथा वह बंधे हुए कर्मों से आंशिक छुटकारा रूप निर्जरा, तथा सब कर्मों से स्वतन्त्रता रूप मोक्ष परम शान्त परमानन्द दशा का समझ पाता है, श्रद्धा करता है।

मन शुद्धि की मुख्यता

मनुष्य का ऐसी समझ हो जाय, उसमें उसका आन्तरिक विश्वास हो तो वह अपने संकल्प विकल्प रूप चंचल मन को समझाकर अपने मार्ग-साधन में उसकी शक्ति का प्रयोग कर, आत्म-साधन कर सकता है। इसे ही मन शुद्धि समझ। इस प्रकार बहिर्मुखी मन को संसार से, संसार के कल्पित क्षणिक सुखों से विमुख कर मनुष्य अपनी आत्मा में अपने चेतनशक्ति रूप दर्शन ज्ञान उपयोग मात्र मे स्थिर कर मन को अन्तर्मुखी कर सकता है। सच्चे योगी इसे योग कहते हैं। इस प्रकार बहिर्मुखी बाधक मन को अन्तर्मुखी साधक मन बनाकर सतत अभ्यास से मनुष्य समय आनेपर अपने कर्मों के बन्धन से

स्वतन्त्र हो सकता है। शास्त्रों में कहा भी है कि मनुष्य का मन कर्म बन्ध में तथा मोक्ष में कारण है।

अत मन-शुद्धि का सरल उपाय—मन मद मैल दूर वहा, रे चेतन। प्रभु भजन से, मन मद-मैल दूर वहा।

मोह से भ्रम में रहा हुआ मनुष्य (चाहे वह पंडित ही क्यों न हो) वह अपने अनित्य शरीरादि के रूप में, बल में, धन में, लाभ में कुल जाति में तथा अपने पांडित्य में, तप-जप के मद में अन्धा बन जाता है। उन नाशवान वस्तुओं में अपनापन तो (मिथ्यात्व) बुरा है ही, उसपर उनका मद करने का फल कितना बुरा हो सकता है, इसका आप स्वयं विचार करें। मद-अभिमान करना छोड़गे तब आपका मन पवित्र हो, आत्मसाधन करने योग्य बनेगा।

मनुष्य झूठे अभिमान तथा अपने अनादि स्वच्छन्द विचार व प्रवृत्ति को छोड़कर जब सम्यग्दृष्टि बनता है, इसका कितना महत्त्व है, यह आप इस उदाहरण से अनुभव कर सकेंगे।

भगवान् महावीर, गौतमादि ११ गणधर

अपने पाण्डित्य से गर्वित इन्द्रभूति आदि ग्यारह ब्राह्मण वेद उपनिषद् के पारगामी, पाँच पाँच सौ शिष्यों को शिक्षा देने-वाले, आत्म अनुभव न रहने से अज्ञानी थे, तथा व्यावहारिक पाण्डित्य के मद में अपना जीवन बिता रहे थे। किन्तु शुद्ध निमित्त कारण रूप भगवान महावीर का उन्हें सयोग मिला। भगवान् ने उनके दृष्टिभ्रम को उनके ही शास्त्रों से निवारण

क्रिया। तब उनका पाण्डित्य गर्व गलकर बहने से उन्हें सम्यग्दर्शन आत्म-बोध हुआ, फलस्वरूप उन्होंने ही 'त्रिपदी' पर से 'द्वादश अग' सूत्र पाठों की रचना की। वे ही गौतमादि ११ गणधर हुए।

देखा आपने। अनादि अन्तर्मद बह जाने से मनुष्य कितना शीघ्र सम्यग्दृष्टि बन कर, यथासमय आत्मसिद्धि कर सकता है। अत आप स्वय विचार कर अपना कर्तव्य स्थिर करें।

आत्महित के लिये धन, रूपादि पर के अपने मिथ्या अभिमान को छोडने में सहाय रूप चार शरणों का स्मरण रखें। मुझे सिद्ध परमात्मा की शरण है। अरिहत भगवान् श्रीसीमधर स्वामी की शरण है। भगवान् महावीर के मोक्षमार्ग धर्म की शरण है। मुझे सम्यग्दृष्टि सुसाधु की शरण है।

श्री सहजानन्द कृत पद —

अनुभव बिना शु जाणे व्याकरणी ॥ अनुभव ॥
कस्तुरी निज डुंटीमा पण लाभ न पामे हरणी,
पीठे चन्दन पण शीतलता पामे नहीं खर धरणी ॥अनुभव॥
भाव धर्म स्पर्शन विण निष्फल तप जप सयम करणी,
शब्दशास्त्र सद्भाव धर्मता, सहजानन्द निसरणी॥अनुभव॥

॥ ॐ शान्ति ॥

ॐ नम

पाप, पुण्य रूप आश्रव बध एव सवर-निर्जरा भाव का सार।

पमाये कम्म माहेसु, अप्पमाय तहावर ।

तब्भाव देसओ-वावि, बाल पडिय मेव वा ॥

सू० कृ० १ श्रु०, ८ अ० ३री गाथा।

भावार्थ—प्रमत्त दशा को कर्मरूप तथा अप्रमत्त दशा को अकर्म रूप आत्मस्वरूप कहते है। ऐसे भेद से अज्ञानी एव ज्ञानी का स्वरूप समझा जाता है।

मिथ्यात्वे भ्रम, क्रियाए कर्म, परिणामे बध, एव उपयोगे धर्म,

१—मिथ्यात्वे भ्रम—'जीव को अज्ञानता से भ्रम होता है।

२—क्रियाए कर्म—'जीव के मन, वचन, काया रूप योग की क्रिया से—सचालन से पुद्गल वर्गणा रूप कर्म आकर्षित होकर 'उसके आत्मप्रदेशो मे' लगते है।

३—परिणामे बध—जीव के राग—माया लोभ, द्वेप—क्रोध-मान रूप कपाय भाव के तारतम्य परिणाम से आये हुए कर्म प्रदेशों में तरतम स्थिति, शक्ति (रसबन्ध), एव प्रकृति—स्वभाव का बन्ध 'जीव के असख्य प्रदेशों से होता है।

४—उपयोगे धर्म—'जीव के अपने चेतन स्वभाव मे' उपयोग रखने से धर्म—आत्मधर्म की सिद्धि होती है।

पर मे अपनेपन के भ्रम के कारण, जीव के योग की क्रियाओं से पुद्गल वर्गणा रूप कर्म आकर्षित हो उसके आत्मप्रदेशों में लगते है। इसे प्रदेश बन्ध कहते है।

जीव के कषाययुक्त—विषम परिणामों के तारतम्यता से कम रूप से आये हुए वर्गणामे स्थिति का बन्ध तारतम्य रूप से होना है। जीव के कषायों की तीव्रता से मोहनीय कर्म की स्थिति-अधिक म सत्तर कोडाकोडी सागरोपम की स्थिति का बध उसके प्रदेशों म होता है। इसे स्थिति बध कहते हैं।

जीव के कषाय युक्त परिणाम मे शुभाशुभ छ लेश्या की तारतम्यता से उन आये हुए कर्मों की शक्तिरूप से बध (रसबध) मे तारतम्यता होती है।

उन कर्मों के विपाक से जीव का अपने कर्मफल भोगते समय वैसे ही तारतम्य भाव से सुख या दु खादि भोगना पड़ता है। इसे रसबध कहते हैं।

जीव की जैसी जैसी मनोवृत्ति रहती है, उन कर्मों मे वैसे-वैसे मोहनीयादि आठ कर्मरूप स्वभाव बध जाते हैं। इसे प्रकृति बन्ध कहते हैं। कर्म उसके असख्य प्रदेशों मे दूध मे पानी की तरह मिलकर बध जाते हैं।

उन बधे हुए कर्मों के उदयानुसार जीव को शरीरादि का सयोग मिलता है, तथा उन कर्मों का उदय भाव, चेतनशक्ति के सयोग से जीव को चेतनरूप से भासते हैं। जीव को ऐसा भासने के कारण उसे अपने कर्मानुसार मिले हुए शरीरादि में मोह ममता होती है, तथा उसके सुख म राग, दु ख म द्वेष होता है मोहनीयादि कर्मों के प्रभाव से भ्रमवश जीव ऐसी भूल अनादि काल से करता आया है।

पर्याये दृष्टि न दीजिये, शुद्ध निरंजन एक रे।

श्री आनन्दघन

अत जीव अपने मनुष्य जीवन में बुद्धि-विवेकरूप शक्ति पाकर भी अपने इस अनादि भूल को न सुधारे तो कब सुधारेगा ? यह विचारणीय है। इस अनादि भूल को सुधारने की प्रेरणा के लिये ऐसे महावीरादि महापुरुषों के उदाहरण की आवश्यकता होती है, जिन्होंने अपनी इस अनादि भूल को जड़-मूल से सुधार कर अपने अनुपम सिद्ध स्वरूप को प्रगट किया है। ऐसे महान् पुरुषों का जीवन, उनका अमृत तुल्य हितोपदेश उदाहरण रूप से भव्य जीव के सामने आने से उन्हें अपने आत्मा के सत्य स्वरूप पर विश्वास करने का अवसर मिलता है। मनुष्य उस विश्वास के कारण अपने सत् स्वरूप का दिग्दर्शन करानेवाले भगवान् महावीरादि के प्रति आकर्षित होकर विनय भक्ति से वंदन करता है। तथा उनके अमृत तुल्य वाणी के आशय को समझने के लिये, उनके निर्देशित मार्ग में चलनेवाले सत पुरुष का सत्संग करके, अपनी ज्ञान-पिपासा को शान्त करना चाहता है।

ऐसा सुयोग मिलने पर मनुष्य को अपने सत् स्वरूप का भान होता है। अत वह अपने सत् स्वरूप के बाधक-मोह तथा कषायों को अपना चिर शत्रु मान उसे नाश करने में प्रयत्नशील बनता है। जैसे-जैसे उदित तीव्र कषाय भाव को उपशम—शान्त करने में वह सफल होता है, वैसे-वैसे उसके तीव्र मोह-ममता रूप भ्रम का पर्दा हटता है। अन्त में दर्शन मोहनीय रूप

भ्रम का पर्दा फाँस हो जाने से अपने चेतन सत्ता में शक्ति रूप से बीज रूप से रहे हुए केवल ज्ञानादि स्वरूप का बोध, उसे प्रतीति रूप से होता है। तब रूपी पदार्थों का दृश्यमान जगत् उस को पुद्गल, जड़ रूप से भासता है, तथा उसमें रहे हुए चेतन शक्ति का भान आत्म रूप से पृथक् भासता है। ऐसा बोध करने वाला वह स्वयं आत्मा है। ऐसे आन्तरिक अनुभव को, उस पर अटल श्रद्धा को भगवान ने निश्चय से सम्यग् दर्शन कहा है। मनुष्य के ऐसे भान को आत्म-जागृति समझनी चाहिये।

मनुष्य की आत्मा जाग्रत् होने से उसे अपने अशुभ (पाप) शुभ (पुन्य) शुद्ध (आत्म उपयोग) तथा विशुद्ध (शुद्धात्म उपयोग भावों की पहचान होती है।

वह अशुभ भाव को पाप रूप लोहे का बन्धन, तो शुभ-भाव को पुण्य रूप सोने का बन्धन मानता है। दोनों को बन्धन रूप से समान जानता है। दोनों बन्धनों का अनुभव उसकी स्मृति में रहने से क्षणिक सुख भी उसे दुःख रूप भासते हैं।

पूर्व कर्म के उदयानुसार उसके शुभ या अशुभ भाव उत्पन्न होते हैं, किन्तु उन भावों को वह त्यागने योग्य मानता है और उनके कार्यों में साक्षी रूप से वर्तता है। इस प्रकार उन भावों के उदय काल में उसमें अव्यापक रह कर, क्रमशः उन्हें नष्ट करता है।

जब उसका मन अन्तर्मुखी होकर अपने ज्ञाता दृष्टा स्वभाव मात्र में व्याप्त हो जाता है—समाधिस्थ हो जाता है,

रूप उसे यह शुद्ध भाव मानता है। उसे यह भाव-आत्म अनुभव प्रवाह पसन्द है। अत उस भाव को बनाये रखने में प्रयत्न शील रहता है।

किन्तु शुभाशुभ कर्मों का उदय उसे उस स्थिति में अधिक ठहरने नहीं देते। लेकिन वह उन शुभाशुभ भावों में रमता नहीं, अन्यापक रहने का प्रयत्न करता है, क्योंकि इनमें उसकी रुचि नहीं रही। वह ध्यान के समय अपने शुद्ध आत्मस्वरूप का भान अनुभव रूपसे करता है तथा अन्य समय प्रतीति रूपसे करता है।

जब जब शुद्ध आत्म स्वरूप का भान वह भूलता है तथा शुभाशुभ भाव में रमता है, उसे वह प्रमत्त दशा मानता है।

अत वह अपने शुभाशुभ भाव को हेय—त्यागने योग्य तथा शुद्ध भाव को उपादेय—आदरने योग्य मानता है, एव विशुद्ध भाव को लक्ष्य रूप से जानता है, आन्तरिक श्रद्धा करता है।

मनुष्य अपने शुद्ध आत्म स्वरूप के भान के साथ यदि ऐसा उपयोग रख सके तो वास्तविक रूप में धर्म सकाम निर्जरा होती है, यानि इससे आत्मा की शुद्धि होती है। क्रमशः विशुद्धि तथा समय आनेपर पूर्ण विशुद्धि होकर रहेगी। इसे अप्रमत्त दशा कहते हैं। अत भव्यजन का कर्तव्य है कि अपनी अनादि भूल को समझें, समझकर उसे त्यागें। स्वच्छन्दता से वर्तन रूप अपने जीवन को समझ तथा स्वच्छन्दता को अपने जीवन से निकाल देने के लिये कटिबद्ध हो जायें। स्वच्छन्दता यह है कि शरीरादि

मे मोह भ्रमवश सुखमे राग करना तथा दुख मे द्वेष करने रूप प्रवृत्ति एव अपनी कल्पनानुसार धर्म प्रवृत्ति करते हुए, सर्वज्ञ के वचन की उपेक्षा कर स्वच्छन्द जीवन यापन करना।

स्वच्छन्द जीवन त्यागने के लिये, मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय तथा योग के मूल कारण क्रोध, मान, माया, लोभ रूप विषम भाव को छोडना अनिवार्य है। अत भव्य मनुष्य को उदय म आनेवाले अपने कषाय भावों को सतर्कता से उपशम शान्त करते रहना चाहिये। यही उनका कर्तव्य है, आन्तरिक साधना है, सवज्ञ के प्रवचन के आशय को समझ कर धर्म आराधन करना कर्तव्य है।

श्री सहजानन्द कृत प्रथम पद—

> परद्रव्ये एकत्वता, उदये व्यापक भाव,
> राग द्वेष अज्ञान थी, जन्म मरण दुख दाव।
> पर कर्तृत्व अभ्यास थी, अनादि आ ससार
> निज कर्तृत्व अभ्यास थी, टले ससरण असार।
> मच्छ वेध साधक परे, सामे पूर तराय,
> जाण-नार जोनार मां, सुरता एम ल्वाय।
> निज सत्वे एकत्वता, उदये अव्यापक भाव,
> ज्ञाता द्रष्टा साक्षीये, उपजे मोक्ष स्वभाव।
> सहस्र पत्र पकज परे, मद्म नलिनी मांय,
> आतम आतमता धरे, सहजानन्द-घन लांय।

बलदेव रामचन्द्र, भ्राता वासुदेव लक्ष्मण ।

ऐसे उदयमें अव्यापक साक्षी रूप से या व्यापक अभिमान से, एक ही प्रकारसे बाह्य जीवन बिताने पर भी उनके फल में दिन रात जैसा अन्तर हो जाता है। इसे आप श्री रामचन्द्र तथा लक्ष्मण के जीवन से, अर्थात् अन्तर में साक्षी रूप में रहनेवाले श्री रामचन्द्रके स्वभाव से तथा अन्तर में व्यापक-अभिमान से रहनेवाले लक्ष्मण के स्वभाव से तुलना कर निर्णय कर सकते हैं। कथानक —रानी कैकयी के अभिप्राय से, पिता दशरथ की आज्ञा से श्री रामचन्द्र १४ वर्ष के लिये वनवास गये। प्रेमवश सीता, स्नेहवश लक्ष्मण भी इनके साथ गये। वहाँ प्रतिवासुदेव रावण ने सीता हरण किया। सीता को उसके पंजे से निकालने के लिये दोनों भाइयों ने युद्ध की ठानी, तथा अपने हनुमान सेनापति के साथ दोनों ने रावण के राज्य लंका पर चढ़ाई कर दी। रावण के दानवों जैसी क्रूर सेना का दोनों भाइयों ने जान-जान से सामना किया, जिसमें वासुदेव लक्ष्मण के घायल हो मूर्छित हो जाने तक की नौबत आई। इससे आप लड़ाई की भयानकता का अनुभव कर सकते हैं। अन्त में रावण मारा गया, दोनों भाइयों की विजय हुई। तथा सीता को लेकर वापस अपने राज्य अयोध्या आए। भाई भरतादिकी प्रार्थना से रामचन्द्रजी गद्दी पर बैठे, राज्य चलाया। इधर लक्ष्मण वासुदेव प्रतिवासुदेव रावण को जीतने से भरतक्षेत्र के तीन खण्ड राज्य के स्वामी बने। अब विचारिये

ॐ नमः

आत्मदृष्टि मनुष्य का अनासक्त गृह जीवन।

जेसिं कुले समुप्पन्ने, जेहिं वा संवसे नरे।
ममाइ लुप्पई बाले, अण्णे अण्णेहिं मुच्छिए॥

सु० कृ० १ श्रु० १ अ ४ थी गाथा

भावार्थ—जिस कुल में जीवने जन्म लिया, एवं जिनके सहवास में वह रहता है, उसमें अज्ञानी जीव ममता करता है, तथा निमग्न रहता है।

अन्यत्व भावना

ना मारां तन रूप कांति युवती, ना पुत्र के भ्रात ना,
ना मारां भृत स्नेहियो स्वजन के, ना गोत्र के ज्ञात ना।
ना मारां धन धाम यौवन धरा, ए मोह अज्ञात्वना,
रे! रे! जीव विचार एम ज सदा, अन्यत्वदा भावना।

—श्री राजचन्द्र

सम्यग् दृष्टि—मनुष्य अपने आत्मा को इस प्रकार मानता है। जैसे —

१—'मैं' आत्मा हूँ, चेतन लक्षणयुक्त, ज्ञाता दृष्टा मात्र अविनाशी आत्मा हूँ।

निश्चयसे—निज स्वभाव ज्ञानादि का कर्ता भोक्ता हूँ नित्य, अरूपी, अनाहारी तथा अक्रिय हूँ।

व्यवहारसे—अज्ञानवश शुभाशुभ आठ कर्मों का कर्ता, उनके फल का भोक्ता हूँ, रूपी, आहारी, सक्रिय, विनाशी हूँ तथा इनमें स्वाभिमान करने के कारण संसार भ्रमण कर रहा हूँ।

२—शरीर, मन, इन्द्रिय पुद्गल हैं, जड है, रूप, रस, गध, स्पर्श रूप हैं, क्षणस्थायी, विनाशी तथा अजीव हैं।

सम्यग्दृष्टि मनुष्य मानता हैं, कि—आत्मा तथा शरीर दोनों भिन्न वस्तुएँ हैं, दोनो का स्वभाव भिन्न भिन्न है। मेरा त्रिकालिर स्वभाव चेतन स्वरूप है, तो शरीर विनाशी जड-रूप है।

किन्तु अनादि काल से जीव मोह ममतारूपी नशे के कारण शरीर में ही अपना अस्तित्व तथा सुख मानता आ रहा है। अज्ञानवश शरीर से अलग अपना अस्तित्व ही नहीं समझ पाता। इसलिए मनुष्य अपने मन, शरीरके अनुकूल अवस्था में सुख, प्रतिकूल अवस्थामे दुःख मान रहा है।

अतएव शारीरिक मानसिक दुःखों से वचने के लिये तथा तथा सुख के साधन सचय करने के लिये उहरात दिन परिश्रम करता है।

फलस्वरूप उसे क्षणिक सुख भले ही मिले, किन्तु आरभ समारभ रूप पुरुषार्थ म व्यस्त रहने से तथा आर्तध्यान, रौद्र-ध्यान रूप अध्यवसाय रहने के कारण से मनुष्य, तिर्यञ्च गति (पशु पक्षी, वनस्पति, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु आदि) के अथवा नरकादि रूप दुर्गति के अनुकूल कर्म उपार्जन कर लेता है। इस प्रकार वह अनादिकाल से चारगति के चौरासी लाख जोवा-योनियों मे 'कोल्हू के बैल की तरह' जन्म मरण रूप चक्कर लगा रहा है। जब तक उसे निज आत्म स्वरूप का बोध न होगा, तब तक [illegible] प्रकार भ्रमण करता ही रहेगा।

उपने मोह निकल्प थी, समस्त आ ससार,
अन्तर् मुख अवलोकता, विलय थता नहीं चार।
—श्री राजचन्द्र

यदि अपने इस महान दु खदायी भ्रमण का अन्त करना है, कर्मों से सतप्त आत्मा को शान्त करना है, तथा अपने दुर्लभ मनुष्य जीवन को सार्थक बनाना है। तो अपने विश्वास एव विचार शक्ति का, छोडने योग्य आर्तध्यान, रौद्रध्यान रूप अध्यवसायो मे प्रयोग करना उचित नहीं है। अत अपनी स्वच्छन्द प्रवृत्ति को त्यागने तथा धर्म ध्यान आराधन के लिये पहले निम्न तीन शल्यों को त्यागना आवश्यक है। जैसे—

(१) माया शल्य—दम्भ कपट से धर्म क्रिया करना।

(२) नियाणा शल्य—इसलोक तथा परलोक के पौद्गलिक सुख के लिये धर्म करना।

(३) मिथ्यादर्शन शल्य—विपरीत समझ से धर्म आराधन करना।

अत इन तीनों शल्यों—कांटों को हृदय से निकालकर अपने विश्वास तथा विचारशक्ति को आत्म शुद्धि के लिये निम्न प्रकार से धर्म साधन म प्रयुक्त करना कर्तव्य है। जिससे मनुष्य को आत्म दर्शन निज स्वरूप का यथार्थ बोध होना सुगम है।

अज्ञान तिमिरान्धाना, ज्ञानाञ्जन शलाकया,
नेत्रमुन्मीलित येन, तस्मै श्री गुरवेनम ।

भावार्थ—मनुष्य के अज्ञान रूपी अन्धकार को अपने ज्ञान रूपी प्रकाश से दूर कर उसके ज्ञान रूपी नेत्र को खोलने में समर्थ सद्गुरु को नमस्कार है।

१—विनय धर्म का मूल है। अतः विनयपूर्वक पुष्ट अवलम्बन रूप भगवान महावीरादि के प्रतीक स्वरूप जिन मूर्तियों का पूजन, स्तवन, भक्ति आदि करना धर्म साधन है।

२—भगवान की आज्ञा में चलनेवाले सुसाधुओं की सेवा, सुश्रुषा कर उन्हें शुद्ध आहार पानी देने से मनुष्य धर्म के योग्य बनता है।

३—उनका सत्संग कर सत्शास्त्र अध्ययन, मनन करने से।

४—उनकी वाणी के मर्म को समझकर उदय में आनेवाले तीव्र कषाय भावों को उपशमादि करने से आत्मबोध में बाधक दर्शनमोह की सात प्रकृतियों का उपशम होता है, तब मनुष्य को अपने शुद्ध आत्म स्वरूप का बोध झाँकी दर्शन होता है। इसे यह बोध अल्प समय तक ही रहता है, इसे उपशम सम्यक्त्व कहते हैं। मनुष्य को ऐसा आन्तरिक बोध एक बार हो जाने से उसका संसार भ्रमण सीमित हो जाता है। उन प्रकृतियों के फिर से उदय होने पर इनमें से सम्यक्त्व मोहनीय का क्षय करे तथा बाकी सातों को दबाये रखे तो उसे क्षयोपशम सम्यक्त्व हो जाता है। ऐसा जो आन्तरिक बोध न्यूनाधिक रूप से होता रहे, तो वह अधिक में पन्द्रह सोलह भव करता है।

जो मनुष्य इस बाधक शक्ति को हमेशा के लिये नाश कर

लिक स्वभाव का स्मरण रखते हुए, अपने विशुद्ध स्वरूप का पूर्ण विकाश करता है, ऐसा अपना लक्ष्य स्थिर करता है।

इस प्रकार अपने त्रिकालिक पारिणामिक स्वभाव को कर्म जन्य औदयिक विभावों से क्रमशः रहित करते हुए शुद्ध से शुद्धतर तथा शुद्धतम किया जा सकता है। ज्ञानी की ऐसी विचार धारा रहने कारण आगम में कहा है, कि – ज्ञानी का भोग निर्जरा का हेतु है, तथा अज्ञानी का तप कर्म बन्ध का हेतु है। क्योंकि ज्ञानी उदयानुसार विषयादि भोग कर उन कर्मों से, विषयों से छूटना चाहता है अतः उसके निर्जरा होती है। किन्तु अज्ञानी तपश्चर्या के द्वारा देवादि के क्षणिक सुखों की कामना करता है, अतः उसे तप बंधन रूप होते हैं।

होत आसवा परिसवा, नहीं इनमें सन्देह।
मात्र दृष्टि की भूल है, भूल गये गत एह॥
—श्री राजचन्द्र

श्री सहजानन्द कृत—

विनती पद

हो प्रभु जी, मुझ भूल माफ करो।
नहीं हूँ योगी नहीं हूँ भोगी, तारो दास खरो। हो०।
नहीं हूँ रोगी नहीं हूँ निरोगी, मारी पीड हरो। हो०।
तुम गुण पागी सुरता जागी, नाथ हवे न्हाखो। हो०।
दर्शन दीजे ढील न कीजे, दिल नु दर्द हरो। हो०।
अमी रस क्यारी मुद्रा तारी, निशदिन नयन तरो। हो०।
थाके स्वामी मुझ उर मांही, सहजानन्द भरो। हो०।

२—दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः ।
वीतराग भय क्रोधः स्थिरधीर्मुनिरुच्यते ॥

गीता (२।५७) से ।

मनुष्य को क्षणिक सुखों मे अपना सुख न मानना तथा दुःख, भय, शोकादि में दुःख न मानना कर्तव्य है। उसे ऐसा मानसिक सयम करना होगा कि समस्त सांसारिक सुखों को निस्पृह होकर तथा समस्त दुःखों को अनुद्विग्न चित से सह सके ऐसे मानसिक सयम का आराधना करने से क्रमश उसकी वीतराग दशा प्रगट होगी।

३—सम्यग् दर्शन ज्ञान चारित्राणि मोक्षमार्गः तत्त्वार्थसूत्र

भावार्थ—जीवादि तत्त्वों की यथार्थ श्रद्धा करना, उन्हें यथार्थतया जानना तथा तदनुकूल आचरण में स्थिरता ही मोक्ष मार्ग है।

अपने शुद्ध आत्मस्वरूप को निश्चय से ऐसा मानना कि आत्मसत्ता म केवलज्ञान बीजरूप से रहा हुआ है तथा समस्त श्रुतज्ञान का आधार आत्मा है, ऐसी आन्तरिक श्रद्धा प्रतीति निश्चय सम्यग् दर्शन है, अपने चेतन ज्ञाता दृष्टा मात्र त्रिकालिक स्वभाव का अनुभव होना निश्चय से सम्यक् ज्ञान है तथा उस अनुभव ज्ञान मे समाधिस्थ रहना या शुक्लध्यान मे रमण करना ही निश्चय से सम्यक् चारित्र है। यह निश्चित मोक्ष-मार्ग है। ऐसे तीनों समताभाव म आन्तरिक श्रद्धा रखनेवाला

मनुष्य सम्यग्दृष्टि है। ऐसा सम्यग् दृष्टि मनुष्य अपनी आत्मिक शक्ति का दो घड़ी पर्यन्त सद् उपयोग करे तो उसे भाव से सामायिक व्रत, तथा दिन रात वैसी साधना करे तो पौषध व्रत कहते हैं। तथा जीवन पर्यन्त इस शुद्ध भावना मे प्रयत्न करना ही साधु जीवन-सच्ची अखण्ड साधना है। करेमि भंते पाठ पूर्वक दो घड़ी पर्यन्त एक आसन मे बैठकर स्वाध्याय जपादि करना द्रव्य से व्यवहार सामायिक है।

पूनीया श्रावक के ऐसे सामायिक का मूल्य बताते हुए, भगवान महावीर ने राजा श्रेणिक से कहा था कि, तुमारे राज्य के सब धन से भी ऐसे सामायिक का मूल्य नहीं चुकाया जा सकता। तात्पर्य यह है कि निश्चय सामायिक से आत्मा को चिर शान्ति एव अनुपम आनन्द प्राप्त होता है, तो धन से अशान्ति एव दुखदायी सुख।

भव्य जन। आपको कौन सा सुख प्रिय हो सकता है, इसका निर्णय आप स्वय करें।

> शुद्धता विचारे ध्यावे, शुद्धता मे केलि करे,
> शुद्धता मे स्थिर रहे, अमृतधारा वरसे।
>
> —श्री राजचन्द्र

इस प्रकार जो मनुष्य अपने सत्ता मे शक्ति रूपमे रहे हुए केवलज्ञानादि स्वरूपकी शुद्धता का विचार करते हैं, उसका ध्यान करते है तथा उसमें स्थिर रहते हैं, व अनुभव रूप अमृतधारा म स्नान कर पुलकित होते है, तथा विभोर होकर

सहजानन्द दशा में रमते हैं। कैसी अपूर्व शान्ति, कैसा अपूर्व आनन्द है, वर्णनातीत अवस्था है।

आतम भावना भावता जीव लहे केवलज्ञान रे।

—श्री रामचन्द्र

सचेष्ट रहकर इस प्रकार आत्म भावना भाने वाला मनुष्य यथासमय अपने केवलज्ञान स्वभावको प्रगट करेगा, तथा जब तक उसे संसार में रहना पड़ेगा, वह सुखी रहेगा। जैसे धान्य के लिये खेती करने वाले किसान को घास फूँस मुफ्त में मिलता ही है।

श्री सहजानन्द कृत—

अनुपा प्रतीक पद

हंसा! तुझ समरण मुझ प्यारो, तुझ स्मरणे भव पारो॥हंसा॥
जाणे छे आबाल भावथी, खीर नीर व्यवहारो,
पय पात्रे जल भरने त्यागी, करे तू दुग्धाहारो॥ हंसा।
योगी जन तुझ रूप धरीने, छोडी सब जंजालो,
प्राण वाणी सम तुझ पद जपतां, करे जड़ चेतन फालो॥हंसा।
ज्ञान ज्योत प्रगटे घट अन्दर, वरसे अमृत धारा,
मन मयूर हर्षे अति नाचत, अनहद जीत नगारो॥ हंसा॥
गगने आसन दिव्य सुगन्धी, सिद्धि तणो नहीं पारो।
नेम छतां तमां नहीं अटके, सहजानन्द सवारो॥ हंसा॥

ॐ शान्ति

अहिंसा परमोधर्म

अहिंसा आठ प्रकार की है। जैसे —स्वरूपदया, अनुबंध दया, द्रव्यदया, भावदया, स्वदया, परदया, व्यवहारदया, निश्चयदया।

१ स्वरूपदया—करुणा बुद्धि से दीन दुःखी को भोजन, वस्त्रादि देना, रोगीको दवादि देना तथा बालकों की सत् शिक्षादि का प्रबन्ध करना।

२ अनुबंधदया—हित बुद्धि से गुरुजन का बालक को दण्ड देना तथा मंदिर, उपाश्रयादि बनाना।

३ द्रव्यदया—छ काय के जीवों के प्राणों की रक्षा करने की भावना। जैसे, अभयदानादि।

४ भावदया—सब जीवों को आत्म-कल्याण का सत्य मार्ग प्राप्त हो एसी भावना। इस भावना से मनुष्य तीर्थंकर नामकर्म तक उपार्जन कर सकते हैं।

५ स्वदया—अपनी आत्मा की मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय से रक्षा करना, तीन शल्या को त्यागकर सर्वज्ञ भाषित धर्म का अनुष्ठान करना।

६ परदया—अन्य मनुष्यों को उपदेशादि के द्वारा स्वदया रूप धर्म का मार्ग बतला कर उन्हें धर्म में स्थिर करना पर दया है।

७ व्यवहार दया—शारीरिक, वाचिक, मानसिक सभी कार्य यत्नापूर्वक करना, जिससे छ काय के जीवों की हिंसा न हो तथा किसी को कष्ट न हो। पाँच समिति पूर्वक सब कार्य करना जैसे—इर्यासमिति, भाषासमिति, एषणासमिति, आयाण भड निक्षेप समिति, पारिष्ठापनिका समिति।

८ निश्चय दया—आत्मा है। आत्मा नित्य है। वह ज्ञानादिका कर्ता है। सतचित् आनन्द का भोक्ता है। उसका मोक्ष है। मोक्ष का उपाय सम्यग् दर्शन ज्ञान चारित्र रूप समाधि है। मनोगुप्ति, वचनगुप्ति, कायगुप्ति पूर्वक आत्म ध्यान मे शक्ल ध्यान मे स्थिति रहे उसे निश्चय दया कहते हैं। इससे सचित कर्मो की अधिकाधिक सकाम निर्जरा होती है। अत मे केवलज्ञान प्रगट होता है।

श्री राजचन्द्रकृत 'आत्मसिद्धि गुजराती' से हिन्दीसविस्तार

१ आत्मा है—जैसे—शरीर, घट, पटादि पदार्थ हैं, वैसे आत्मा भी है। जैसे शरीरादि अपने गुणों से प्रमाणित है वैसे ही आत्मा भी स्व पर प्रकाशक चेतन शक्ति प्रत्यक्ष गुण से प्रमाणित है।

२ आत्मा नित्य है—आत्मा त्रिकालिक द्रव्य है तथा स्वभाविक पदार्थ है। क्योंकि आत्मा की उत्पति मे कोइ सयोग अनुभव मे नहीं आता। कोई भी सयोगी द्रव्य से चेतन सत्ता प्रगट होने योग्य नहीं, अत अनुत्पन्न है, असयोगी होने से अविनाशी है। क्योंकि जिसकी किसी सयोगसे उत्पति नहीं,

इसका किसी से नाश भी नहीं। अत आत्मा चेतन सत्ता की अपेक्षा से नित्य है।

३ आत्मा कर्ता है मव पदाथ अर्थ क्रिया सम्पन्न है। आत्मा भी क्रिया सम्पन्न है, अत कर्ता है। श्री सर्वज्ञदेव ने व्यवहार की अपेक्षा से जीव को छ प्रकार कर्ता कहा है, तथा निश्चय परमाथ की अपेक्षा से मात्र केवल ज्ञानादि स्वभाव का कर्ता कहा है।

(१) अशुद्ध व्यवहार से—जीव भावकर्म मात्र का कर्ता है। जैसे—उसे शरीर मे पौद्गलिक पदार्थों म मोह ममता, राग द्वेष रूप विषम परिणाम होता है।

(२) अनुपचरित व्यवहार से—जीव आठ द्रव्य कर्मों का कर्ता है। वह कर्म फलस्वरूप मन,वचन कायादि का कर्ता है।

(३) उपचरित व्यवहार से—जीव स्त्री, पुत्र, धन, घर, नगरादि का कर्ता है।

(४) अशुभ व्यवहार से—जीव सरम्भ, समारभ, आरभ का कर्ता, १८ पाप स्थानक, १५ कर्मादानों का कर्ता तथा आर्त, रौद्र ध्यान का कर्ता है।

(५) शुभ व्यवहार से—जीव दान शील, तप, भाव का कर्ता तथा श्रावक के १२ व्रत या साधु के पच महाव्रतादि का कर्ता है। तथा धर्म ध्यान—आत्म ध्यान का कर्ता है।

(६) शुद्ध व्यवहार से—आत्मा सम्यग् दर्शन ज्ञान, ... णता ... तथा स्थिरता रूप तप म पुरुषार्थ

(१) भाव सामायिक सयम (२ छेदोपस्थाप्य सयम, (३) परिहार विशुद्धि सयम, (४) सूक्ष्म सम्पराय सयम, (५) यथाख्यात सयम, तथा शुक्ल ध्यान का कर्त्ता है।

अनादि काल से जीव अशुद्ध, असद्भूत, उपचरित तथा अशुभ व्यवहार करता आया है। फलस्वरूप ससार भ्रमण करता है। मनुष्य का मन चारों व्यवहार मे कर्त्तापन के अभिमान को त्याग कर क्रमश उदय मे आनेवाले कर्मों मे अव्यापक रह कर साक्षी रूप से वर्तना कर्त्तव्य है। क्यो कि उदयकाल मे साक्षी रूप मे रहने से बध हुए कर्म फल देकर नष्ट हो जायगे। तथा नये चारन कर्म न बधेगे। शुभ व्यवहार सीढी रूप हैं। सीढी, ऊपर चढने के लिये साधन मात्र होती है।

शुद्ध व्यवहार आत्मा का विकाश क्रम है, जिससे आत्मा शुद्ध से शुद्धतर अवस्था को (गुणस्थानक) प्राप्त कर अन्त मे अपने निश्चय स्वरूप केवल ज्ञाता दृष्टा स्वभाव को प्रगट कर लेता है।

४—आत्मा भोक्ता है—जैसी जैसी क्रिया एव अध्यवसाय जीव करता है, वैसा वैसा फल वह भोगता है। जैसे—अशुभ भाव करने से पाप बधता है, फल स्वरूप दुख पाता है। शुभ भाव से पुण्य बधता है, फलस्वरूप सुख पाता है। वैसे ही कषायादि या अकषायादि जिस किसी अध्यवसाय मे वह रमता है, उसका वैसा ही फल उसे है।

५—आत्मा का

जीव को आठ कर्मों का कर्ता कहा, तथा कर्तापन होने से उसके फल को भोक्ता कहा। वैसे ही शुद्ध व्यवहार से क्रमश: चार घाति कर्म नष्ट होकर केवलज्ञान प्रगट होता है। बाद में आयु आदि चार कर्मों के क्षय होने से जीव जन्म मरण से हमेशा के लिये मुक्त हो जाता है।

६—मोक्ष का उपाय—सम्यग् दर्शन ज्ञान चारित्ररूप समाधि से, सकामनिर्जरा से, आत्मध्यान से, शुक्लध्यान से जीव मुक्त होता है।

श्रीसर्वज्ञदेव ने इन छ पदों को सम्यग् दर्शन का मुख्य निवास स्थान कहा है। समीप मुक्तिगामी मनुष्य के सहज विचार में जीव के ये छ स्थानक सप्रमाण भासते हैं। आत्म स्वरूप को विस्तार से समझने के लिये तथा इनमें सन्देह रहित श्रद्धा करने के लिये ज्ञानी पुरुषों ने ऐसा वर्णन किया है।

अनादि मोहदशा—स्वप्नदशा से, उत्पन्न मनुष्य को अह-भाव, ममत्वभाव होने के कारण उसे स्वच्छंदता प्रिय है, उससे निवृत्त होने के लिये, आत्म स्वरूप के छ स्थानकों का निवेचन किया।

मोहदशा-स्वप्नदशा से रहित, चेतन लक्षण युक्त ज्ञाता दृष्टा मात्र निज आत्म स्वरूप है। ऐसी जिसकी परिणाम धारा हो, उसकी आत्मा जागृत होकर सहज में सम्यग् दर्शन, ज्ञान, चारित्र प्रकट करता है। तब किसी भी अशुद्ध, विनाशी, कल्पित भाव में उसे हर्ष, शोक, अपनापन नहीं होता। विनाशी

में उसे इष्टानिष्ट बुद्धि नहीं होती। रोग, शोक, जन्म जरा मृत्यु से परे अपने आत्म स्वरूप को जानता है, तथा अपने आत्म स्वरूप को विशुद्ध, सम्पूर्ण, अविनाशी, सहजानन्दी मानता है, वेदता है, तब कृतार्थ हो जाता है।

साराश—सर्वज्ञदेव के आज्ञानुसार जो सत् पुरुष हेय छोड़ने योग्य अध्यवसाय तथा काय, जैसे—अशुद्ध, अनुपचरित उपचरित तथा अशुभ व्यवहार को त्याग देते हैं, या त्यागने का प्रयत्न करते हैं, तथा उपादेय आदरने योग्य अध्यवसाय एव कार्य्य जैसे शुभव्यवहार-बाह्य चारित्र तथा शुद्ध व्यवहार एव अन्तर सयम करते हैं। वे सत् पुरुष यथासमय सब घाति कर्मों का नाश कर अपने केवल ज्ञान दर्शन स्वरूप को प्रगट करके तथा आयु आदि कर्मों के अत होने पर जन्म, जरा मृत्यु से तथा सब दुःखों से मुक्त होंगे।

श्रीदेवचन्द्र कृत—

समकित की सज्झाय

समकित नवि लह्यु रे, एता रल्यो चतुगति मांहे ॥सम०॥
त्रस स्थावर की करुणा कीनी, जीवन एक विराध्यो,
तीन काल सामायिक करता, शुद्ध उपयोग न साध्यो ॥सम०॥
झूठ न बोलवा को व्रत लीनो, चोरी नो पण त्यागी,
व्यवहारादिक महा निपुण भये, अन्तर्दृष्टि न जागी। सम० ॥
ऊर्ध्व बाहु कर उधे लटके, भस्मी लगा धूम गटके,
जटाजूट शिर मुंडे जूठे, विण श्रद्धा भव भटके। सम० ॥
निज पर नारी त्याग करके, ब्रह्मचर्य व्रत लीधो,
स्वर्गादिक याको फल पामी, निज कारज नवी सीध्यो। सम०॥
बाह्य क्रिया सब त्याग परिग्रह, द्रव्यलिंग धर लीनो,
देवचन्द्र कहे या विध तो हम, बहुत बार कर लीनो। सम० ॥

	मिथ्यादृष्टि मनुष्य का भाव।	व्य०सम्यगदृष्टि मनुष्यकाभाव	नि०सम्यगदृष्टि मनुष्यका भाव
१	रूपी पदार्थों मे, शरीरादि में मोह-ममता, तीव्र रागद्वेष होना	रूपी पदार्थों में, शरीरादिमे मोह ममता, मन्द राग द्वेष होना।	रूपी पदार्थों मं, शरीरादिमें मोह नहीं, अल्प राग द्वेष होना।
२	विद्या, धन, बलादिमे मद स्वाभिमान होना।	पच परमेष्ठिमें विनय भक्ति। धनादि मे अल्प अभिमान।	आत्मा-परमात्मा में समभाव। विद्या, धनादिमे अभिमान नहीं
३	धनादिमें मूर्छा-तीव्र लोभ होना	धनादि मे सीमित लोभ होना।	धनादिमें मध्यस्थभाव होना।
४	लोभवश माया, प्रपच करना।	जहां तक बने सरल जीवन।	सरल, निष्कपट जीवन।
५	बाधक व्यक्ति वस्तु, परिस्थिति में क्रोधादि भाव।	प्रतिकूलता में क्षमा रखना।	क्षमा भावमय जीवन।
६	फलस्वरूप रौद्रध्यान होना।	मैत्री, प्रमोद, कारुण्य तथा माध्यस्थ भाव रहना।	परमें इष्टानिष्टभाव नहीं होना
७	लोभवश आर्त ध्यान होना।	अनित्यादि १२ भावना करना।	कर्मों के उदय मे अव्याकुल।
८	शरीर म ही अपना अस्तित्व मानने की भूल के कारण सर्वज्ञ के आज्ञाकी उपेक्षा कर विषय सुखों की लालसा पूर्ति के लिये स्वच्छन्द जीवन बितानेवाला मनुष्य मिथ्या दृष्टि है।	सर्वज्ञ प्रवचन को पढना सद्गुरु से समझना, स्मरण, मनन करना, तथा सत्सग कर धर्म चर्चा करना। आत्महित के लिये धार्मिक—जीवनवाला मनुष्य व्यवहारसे सम्यगदृष्टि है	स० ज्ञान जीवादि तत्त्वों का यथार्थ ज्ञान होना। स० दर्शन शुद्ध आत्म स्वरूपपर श्रद्धा प्रतीति रहना। स० चारित्र—निज ज्ञानादि स्वभाव म रमण करना। स०तप—इच्छाओंको रोकना।

अप्रतिक्रमण-अप्रत्याख्यान-अनालोचना।

प्रतिक्रमण-प्रत्याख्यान-आलोचना

लेखक सद्गुरु श्री सहजानन्द।

१ अप्रतिक्रमण—अतीतकाल मा जो पर द्रव्यो नु ग्रहण कर्यु हतु तेमने वतमान मा सारा जाणवा, तेमना सत्कार रहेवा, तेमना प्रत्ये ममत्व रहेवु, ते द्रव्य अप्रतिक्रमणछे। अने ते पर द्रव्यो ना निमित्ते जे रागादि भावो थया हता, तेमने वर्तमानमां भला जाणवा, तेमना सत्कार रहेवां तेमना प्रत्ये ममत्व रहेवु ते भाव अप्रतिक्रमण छे।

१—प्रतिक्रमण—पूर्वे लागेला दोषथी आत्मा ने पाछो वालवो तेने प्रतिक्रमण कहे छे।

२—अप्रत्याख्यान—भविष्यकाल सम्बंधी परद्रव्यो नी वांछा राखवी ममत्व राखवु ते द्रव्य अप्रत्याख्यान छे। अने ते पर द्रव्याना निमित्ते भावि मा थनारा जे रागादि भावो, तेमनी वाछा राखवी, ममत्व राखवु ते भाव अप्रत्याख्यान छे।

(२) प्रत्याख्यान—भविष्य मा दोष लगाडवानो त्याग करवो ते प्रत्याख्यान छे।

(३) अनालोचना—वर्तमान मा जे पर द्रव्यो ग्रहण पणे वर्ते छे, तेमने सारा जाणवा तेमना प्रत्ये ममत्व राखवु, ते द्रव्य अनालोचना छे। अनेते पर द्रव्यो ना निमित्त जे रागादि भावो वतमान मां वर्ते छे, तेमने सारा जाणवा तेमना प्रत्ये ममत्व राख्वु ते भाव अनालोचना छे।

३ आलोचना—वर्तमान ना दोष थी आत्मा ने जुदो राखवो, करवो ते आलोचना छे। त्रणकाल ना दोषो थी आत्मा ने अलग राखवो, तेज प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान अने आलोचना छे। मात्र मिच्छामि दुक्कडम् बोली जवु ते प्रतिक्रमण न कहेवाय। वर्तमान मा उदयेपणे वर्त्तता समस्त प्रसगो मा साक्षी भावे रहेतां, त्रणेकाल सम्बन्धी दोषो उत्पन्न न थाय, आत्मा अदोषज रहे। आवु अन्तेष जीवन जीवु होयते आत्मान प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान अने आलोचना छ। वर्तमान परिस्थिति नो साक्षी भावे उपयोग करे, तेने ज्ञानी कहेवाय। तेथी उल्टु विषयादि सेवी ने दुरुपयोग कर ते अज्ञानी कहेवाय। प्रत्येक प्रसग पूर्व कर्मानुसार ज पोतानां वावेला बीज अनुसारज, अनुकूल के प्रतिकूल पणे आवे छे तो पछी तेमां विषम रहेवु शा माटे? जेम—

१—भगवान महावीरना जीव वासुदेव ना भव मां शय्या-पालक ना दोषनी क्षमा आपी होत, साक्षी भावे रह्या होत, तो छेल्ला भव मा कान मां खीला न ठोकाणा होत।

२—जेम के वर्तमान मां राजतिलक नी तयारी छे। त्या एकदम श्री रामचन्द्रजी ने वनवास उदय आव्या, जेने समता थी वधावी लेता, भूतकाल ना कर्मो वर्तमान मां भोगवाई गई, भावि ससार ना बीज न थया। जो राज नो लोभ सेव्यो होत तो नवो ससार तैयार थात, अने मुक्त न थया होत।

ॐ सहजानन्द

अष्टाङ्ग योगपर आत्मिक दृष्टि

लेखक—सद्गुरु, श्री सहजानन्द ।

आत्म प्रतीति विना, आत्म ध्यान नो सभव नथी। आत्म प्रतीति माटे योग मार्ग नु आचरण कार्यकारी छे।

'दृष्टि अने दृष्टानु अभेद थई जवु ते योग छे'। हठ ने राज ए बे मुख्य भेदो योग ना कहवाय छे। हठयोग प्रयत्न परक, अने राजयोग सहज अप्रयास छे। (१) यम (२) नियम, (३) आसन, (४) प्राणायाम, आचारे अगोनां समूहने हठयोग कहे छे। यम—पच महाव्रतनी इच्छा, प्रवृति, स्थिति अने सिद्धि वड़ बाह्य वृतियों नु नियमन ते यम। अतरग वृतियो नु नियमन ते नियम छे। देहाध्यासनु नियमन ते आसन छे। अने भाव प्राणो नु नियमन ते प्राणायाम छे। आत्मध्याननु आ हठयोग निमित्त कारण छे। अने राजयोग उपादान कारण छे—

(१) प्रत्याहार, (२) धारणा, (३) ध्यान, (४) समाधि, आचारे अग परक राजयोग छे—प्रत्याहार—चित्तवृति प्रवाह नु निज उद्गम स्थान आत्माभिमुख थवु ते प्रत्याहार, जेम—

मच्छ वेध साधकपरे, सामेपूर तराय।
जाणनार जोणार मां सुरता एम लराय ॥

चित्तवृति प्रवाहनु आत्मा मां मली रहवु, ते धारणा छे। आत्मानी आत्मभावे स्थिरता ते ध्यान छे। आत्मानु अव्याबाध समाधान ते समाधि छे। आत्मीय उपादान कारणनु कार्यरूपे परिणमन ते मुक्ति।

निज सत्ते एकत्वता, वद्ये अव्यापक भाव।
ज्ञाता दृष्टा साक्षीये, उपजे मोक्ष स्वभाव॥

आ अष्टांग योग गुरुगमे समजवा योग्य छे। हठयोग वड प्राप्त थती पात्रता भक्तिमार्ग थी अनायास मळे छे। जेथी भक्ति मार्ग, ए राज मार्ग माँ प्रवेशी ने अगम सेवा आत्मध्यान नो सुगम उपाय छे। जे आबाल गोपाल वड़े सु साध्य छे।

'आत्म ध्यान, अध्यात्मज्ञान समो शिव साधन और न कोई।

श्री सहजानन्दकृत—

भाव दीवाली पद

दिलमाँ दिवडो थाय, स्व पर समभाय,
विभावने टाळी, हूँ उजवुं पर्व दीवाळी। दिलमा ॥१॥
अस्तित्व गुणे हूँ आत्म प्रभु,
शुद्ध स्व पर प्रकाशक ज्ञान विभु।
मन वच काया थी जुदो, कर्म संग टाळी। हूँ उजवु ॥२॥
नित्यत्व गुणे हू अविनाशी,
निर्मळ चिन्मय निजगुण राशि।
अकृत्रिम सहज स्वरूपी, अखंड त्रिकाली। हूँ उजवु ॥३॥
छुँ शुद्ध बुद्ध सुखधाम सदा,
हूँ स्वय ज्योति परिमुक्त अहा।
सहजानन्द कर्त्ता भोक्ता स्वरूप सभाळी। हूँ उजवु ॥४॥
ॐ सहजानन्द

नव तत्त्व, छः द्रव्य

द्रव्य ६ हैं वे ऐसे, जीवास्तिकाय, पुद्गलास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय एवं काल। तत्त्व ९ हैं, जैसे, जीवतत्त्व, अजीवतत्त्व, पाप, पुण्य, आस्रव, संवर, बंध, निर्जरा, मोक्ष तत्त्व, ये नवतत्त्व हैं।

१—जीवतत्त्व

१—जीव का लक्षण चेतना है। उसका स्वभाव दर्शन ज्ञान उपयोग है। इस भाव प्राणरूप स्वाभाविक शक्ति से जीव त्रिकाल जीवित रहता है। जीव असंख्य प्रदेशी द्रव्य है। संख्या में, अनतानन्त जीव लोकाकाश में है। जीव के और पाँच भाव होते हैं जैसे (१) पारिणामिक स्वभाव, यह जीव में सर्वदा रहता है। (२) औदयिक विभाव, यह जीव में संसारी अवस्था में रहता है। यह विभाव कर्मों के संयोग से जीव में होता है, तथा उसके पारिणामिक स्वभाव में दूध में पानी की तरह मिला रहता है। (३) क्षायोपशमिक भाव-जीव के कर्मोदय के समय उसे फल देकर कुछ कर्म नाश हो जाते हैं तथा कुछ दबे रह जाते हैं, उसे क्षय-उपशम भाव कहते हैं। जीव में संसारी अवस्था में सर्वत्र केवलज्ञान होने से पहले रहता है। (४) औपशमिक भाव या (५) क्षायिक भाव, ये भाव जीव को सम्यग् दर्शन के पहले नहीं होते हैं, इन सब भावों को जीव के भाव प्राण कहते हैं।

जीव के द्रव्य प्राण दस तक हो सकते हैं, जैसे कान, आँख,

नाक, जीभ, त्वचा ये पाँच इन्द्रियाँ, मनबल वचनबल, कायाबल श्वांस, तथा आयु, एव कम से-कम चार होते हैं शरीर, श्वास, आयु कायबल। इनके आधार से जीव ससार भ्रमण करता है। जीव के दो भेद हैं, पहला ससारी जीव वह है जो आठ कर्मों के सयोग से जन्म मरण करता है। ससारी जीवो के ८४, या विस्तार से ५६३ भेद है। जैसे, क्षेत्र की अपेक्षा से मनुष्य के ३०३ भेद हैं। चार निकाय के देवो के १६८ भेद हैं। सात नरक के १४ तथा तीर्यंच गति के जीवों के ४८ भेद हैं। विस्तार से जानना हो तो तत्त्वार्थ सूत्र देखें।

जीव क्या है, प्रत्येक जीव अष्ट कर्मों का क्ता है। अपने शुभाशुभ कर्मानुसार ऊँचीसे ऊंची स्थिति जैसे इन्द्रादि, नीची स्थिति जैसे, नरक या कीट पतगादि से निगोद तक समझें। अत इसे अपना ईश्वर बनाने बिगाडने वाला भी कह सकते हैं। यह सब जीव का विभाव मे कर्तापन है। जीव जब अपने ज्ञानादि स्वभाव मात्र का कर्त्ता होता है, तब केवलज्ञान प्राप्त कर मुक्त हो जाता है। तब वह अपने ज्ञानादि ऐश्वर्यवाला है अत इसे ईश्वर कहा जा सकता है।

दूसरे मुक्त जीव है जो सब कर्मो को नाश करके अपने केवलज्ञान, केवलदर्शन, अनत रमणता, अनन्त स्थिरता गुणोंमें तथा परमानन्द, अजरामर, निरजन निराकार निर्विकार, अगुरुलघु पर्याय मे लोक के अन्त मे स्थित हैं। वे सर्वदा वैसे ही रहेंगे, ऐसे सिद्ध जीव अनन्त है। इनके विशुद्ध पारिणामिक, क्षायिक भाव होते हैं।

२—अजीवतत्त्व

२—अजीव तत्त्व का लक्षण जड़ता है, इसके पाँच भेद हैं। जैसे, पुद्गलास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, काल।

(१) पुद्गलास्तिकाय—(Matter) अजीव-जड़ हैं। रूप, रस, गन्ध, स्पर्श स्वरूप है, मिलने-बिखरने रूप क्षणिक स्वभावी द्रव्य है। इसके चार भेद हैं, स्कन्ध, देश, प्रदेश, परमाणु। पुद्गल स्कन्ध जीवों से अनतानन्त है, परमाणु उनसे अनतानन्त पुरुषाकार लोकाकाश में ठसाठस भरे पड़े है। परमाणु का विभाग या नाश नहीं होता है, किन्तु स्कन्ध, देश, प्रदेशों का प्रति समय विनाश याने इनके रूपों, रसों, गन्धों, स्पर्शों में परिवर्त्तन हो रहा हैं। इस क्षण स्थायी स्वभाव के कारण जगत के दृश्यमान पदार्थों में—दिखनेवाले सभी वस्तुओं में रूप से रूपान्तर हो रहें हैं। क्योंकि तमाम रूपी पदार्थ इन पुद्गलों से ही बने है, इसलिये विनाशी हैं। अत इनके क्षणिक सुन्दरता में मोहित होकर मनुष्य को फसना न चाहिये।

(२) आकाशास्तिकाय—(Space) जिसमें जीव तथा पुद्गलादि पाँचों रहते है, उसे अवकाश आकाश कहते हैं। यह लोकालोकव्यापी, एक त्रिकालिक अरूपी द्रव्य है। यह अनन्त प्रदेशी, जड, अजीव द्रव्य है। इसके मध्यम असख्य प्रदेशी लोकाकाश पुरुषाकार १४ रज्जुप्रमाण हैं, जिसमें चार गति जैसे देवगति, मनुष्यगति, तिर्यंचगति, नरकगति के चौरासी

लाख जीवायोनियों के जीव अपने-अपने कर्मानुसार जन्मते मरते, जन्मने रूप धारा प्रवाह मे बह रहे हैं, तथा पुद्गलो से भी लोक ठसाठस भरा है, पुद्गल परमाणु इतने सूक्ष्म हैं कि आँख से नहीं दिखते।

(३) धर्मास्तिकाय—जो शक्ति जीवों तथा पुद्गलों की गति मे सहायक है। वह लोकाकाश व्यापी, असख्य प्रदेशी, त्रिकालिक, जड एवं अजीव द्रव्य है।

(४) अधर्मास्तिकाय—जो शक्ति जीवों तथा पुद्गलों की स्थिरता म सहायक है। वह लोकाकाश व्यापी, असख्य प्रदेशी, त्रिकालिक, जड, एव अजीव द्रव्य है।

(५) काल—जो पाचो द्रव्यों के परिवर्तन मे सहायक है। वह मात्र वर्तमान काल है, भूतकाल तथा भविष्य काल उपचार से कहे जाते हैं।

जणाय ने देखाय जे, तेमां लक्ष न आप,
जाणनार जोनार मां, चेतन ! था थिरथाप। १।
जणाय ने देखाय जे, ते तो पर जड रूप,
जाणनार जोनार तु, सहजानन्द घन भूप। २।
देव गुरु धर्म तुज, तू ध्याता ध्येय ने ध्यान,
देह देवलथी भिन्न छे, एम एडग ने ध्यान। ३।
पर जड लक्ष्य अभ्यासथी, जन्म मरण दुख थाय,
आप आपना ध्यान थी, जन्म मरण दुख जाय। ४।
माटे तज पर लक्ष्यने, कर निज लक्ष्य अभ्यास,
प्राण जाणी रमतां मली, सहजानन्द विलास। ५।

ॐ सहजानन्द।

पाप तत्त्व, पुण्य तत्त्व का तुलनात्मक विवेचन

३—पाप—जीव की अशुभ भावनाओं से, आर्तध्यान, रौद्र ध्यान से तथा अशुभ क्रियाओं, जैसे १८, पापस्थानक सेवन, १५, कर्मादाना से जीव के असंख्य प्रदेशों में पाप प्रकृतियाँ बधती हैं। यह उसे असाता रूप दुःख है। इसका स्वाद जीव का कड़वा लगता है। जीव को पाप के फल ८२ प्रकार से भोगने पड़ते हैं।

४—पुण्य—जीव का शुभ भावनाओं से, धर्मध्यान से, तथा शुभ क्रियाओं जैसे, पंच परमेष्ठि का नमस्कारादि से, दया, दान, शील, तप, भावसे सदाचार सतोष से, व्रतादि से साता रूप वेदनीयादि कर्मों का संयोग जीव के प्रदेशों में होता है, उसे पुण्य कहते हैं। उसका फल जीव को मीठा लगता है, अतः उसे वह सुख कहता है। जीव नौ प्रकार से पुण्य प्रकृति बांधता है, ४२ प्रकार से उसके मीठे फलों को भोगता है। जीव के वचन, काया की क्रिया शुभ हो किन्तु उसके मन के विचार अशुभ हो तो पाप बंधता है।

विवेचन—पाप, पुण्य जीव के अशुभ या शुभ अध्यवसाय का नाम है। जब जीव नीतिसे, धर्मसे अच्छे काम करता है, उसे पुण्य कर्म, तथा अनीतिसे धर्म विरुद्ध कार्य करता है, उसे पाप कर्म कहते हैं। अतः मनुष्यों को अपने बुरे कार्यों का निरीक्षण करके क्रमशः उन्हें अपने जीवन से बहार निकाल देना कर्तव्य है। उन बुरे कार्यों का मूल कारण विषय लोलुपता,

धन लिप्सा, हिंसावृत्ति आदि इनकी अशुभ भावनाएँ हैं। अत उनके फलाफल को विचार कर इन भावनाओं को दिल दिमाग से निकाल देना जरूरी है। क्योंकि बुरे कार्य का फल बुरा, अच्छे कार्य का फल अच्छा होता है। अत विवेकी मनुष्य का कर्तव्य होता है कि, जो भी करे समझ कर विचार पूर्वक करे।

आश्रव तत्त्व, संवर तत्त्व का तुलनात्मक विवेचन

मनके बाधक, साधक अवस्थाओं का विस्तार से समझने के लिये कर्म बंध के कारण रूप आश्रव भावों एवं कर्म न बंधने रूप संवर भावों का विवेचन करते हैं।

१–मिथ्यात्व रूप आश्रव भाव

अनादि काल से जीव मोह ममता से शरीरादि को ही स्वयं समझने की भूल कर रहा है। इस 'भूल' बड़ी भूल के कारण ही मनुष्य की विभाव दशा है। इसे ही अनगृहित अनादि मिथ्यात्व कहते हैं। अत प्रथम इस भूल का सुधारना परमावश्यक है। मिथ्यामति देव, गुरु धर्म, शास्त्र का आत्म कल्याण करनेवाला मानना यह गृहित मिथ्यात्व है। भव्य जन को देव गुरु धर्म रूप से इन्हें न मानना चाहिये।

१—सम्यक्त्वरूप संवरभाव

मैं, शरीरादि से अलग चेतन लक्षण—दर्शन ज्ञान उपयोग स्वभाव वाला आत्मा हूँ। जैसे, दूधमें घी, तिल में तेल अलग है, वैसे ही मैं आत्मा शरीर रूप पींजड़े में अलग हूँ। तथा मेरा सम्यग दर्शन ज्ञान चारित्र स्थिरता एवं पहितवीर्य –

आत्म शक्ति ही मोक्ष मार्ग है। ऐसा निश्चितभाव, आन्तरिक श्रद्धा होना, भावसे निश्चय सम्यग दर्शन है। भगवान महावीरादि को आराध्यदेव स्वरूप मानना। उनकी वाणी के मर्म को समझ मोक्ष साधना पथ का अनुसरण करने वाले पंचमहाव्रतधारी साधको सद्गुरु मानना। उनकी अमृत तुल्य वाणी के अनुकूल अनुसरण का सत्धर्म मानना, तथा हितोपदेश से ओतप्रोत उनकी स्याद्वाद वाणी द्वादशांगी को सत्शास्त्र मानना, श्रद्धा करने रूप भाव जीव का, द्रव्य से व्यवहार सम्यग् दर्शन है।

२—अविरतिरूप आश्रव भाव

जीवका संसार, परिवार, शरीरमें तथा पंच इन्द्रियों के तेइस विषयोंसे रुचि होना, कामना वासना में निज सुखमानना यह भाव से अविरति है। अन्य आत्मा को इनमें आसक्त होने से बचना कर्तव्य है। इन वासनाओं में जीव का मन वचन काया के द्वारा आचरण करना, तथा हिंसा करना, बेईमानी, झूठ, चोरी, मैथुन सेवा, परिग्रह संचय में आरंभ समारंभ करनेको द्रव्यसे अविरति कहते हैं।

२—विरतिरूप संवर

जीव का पौद्ग[illegible] [illegible] सर्वों [illegible]
रुचि न होना, निस्पृ[illegible]
[illegible]

संयम, तथा यथा-ख्यात संयम पालेगा तब अपने सत्ता में रहे केवल ज्ञान स्वरूप को व्यक्त-प्रकट कर सकेगा। यह भाव से निश्चय विरति है। उत्तम अहिंसा, सत्य, शौच, ब्रह्मचर्य, परिग्रह त्याग, तपश्चर्या, क्षमा, नम्रता, सरलता, निर्लोभता, पंच समिति पालना, तीन गुप्ति का अभ्यास, २२ परिषहों को सहना, यह सब साधु जीवन है, यह सब द्रव्य से (मन, वचन, काया) व्यवहार चारित्र हैं। साधु जीवन की भावना करनी चाहिये। तथा श्रावकों के आंशिक १२ व्रत द्रव्य से, व्यवहार विरति है।

३—प्रमाद रूप आश्रव भाव

मनुष्य को अपने चेतन स्वरूप का भान न रहना, भाव से प्रमतदशा है। इन्द्रिय-विषय, आलस, निद्रा, विकथा जैसे राज, देश चर्चा, स्त्री, भोजन चर्चा करना द्रव्य से प्रमाद दशा है। अतः मनुष्य को अपने आत्म स्वरूप का उपयोग हमेशा रखना कर्तव्य है, जैसे, पनिहारिन घड़ों में, तथा मोटर चालक सामने रास्ते में ध्यान रख कर बात चीत आदि करता है। वैसे ही उसे सब कार्य करते समय अपने आत्म स्वरूप का ख्याल रखना कर्तव्य है।

३—अप्रमत्त दशा रूप संवर भाव

विषय, आलस्य, निद्रा, विकथा को त्याग कर मनुष्य आत्म धर्म साधन में मन वचन काया के द्वारा आचरण करता है, वह द्रव्य से अप्रमत्त दशा है। तथा मैं ज्ञाता दृष्टा मात्र चेतन शक्ति हु,

थत निज सत्ता में शक्तिरूप से रहे निर्विकल्पदशा एव केवल ज्ञान स्वरूप के ध्यान मे स्थिरता करना, निमग्न रहना तथा शुक्ल ध्यान ध्याना भाव से अप्रमत्त दशा है।

४—कषाय भाव रूप आश्रव भाव

जिन विषम भावों से जीव पीड़ित हो उसे कषाय कहते हैं। मिथ्या दर्शन, अविरति, प्रमाद, कषाय, इन चारों का मुख्य कारण जीव के कषाय युक्त अध्यावसायोंकी तारतम्यता ही है। कषायों के तारतम्य भाव को मुख्य रूप से चार भागों में विभक्त किया गया है। जैसे,

पहला अनतानुबन्धी कषाय

जीव के तीव्रतम क्रोध मान (द्वेष), माया लोभ (राग), रूप परिणामों को कहते हैं। जैसे पत्थर पर की लकीर का अस्तित्व एक लम्बे असेंतक रहता है, वैसे ही इस कषाय का अस्तित्व समझें। इन कषायों के उदय से जीव मिथ्या दृष्टि बना रहता है। अत उग्र कषायों के उदय मे मनुष्य को शान्त रह कर उस कषाय को उपशम करना अत्यावश्यक है।

दूसरा अप्रत्याख्यानी कषाय

जीव के तीव्र क्रोध मान, माया लोभ, रूप परिणामों को कहते हैं। जैसे, गीली मिट्टी पर की हुई लकीर सुखने पर उसका अस्तित्व कुछ दिनों तक रहता है, वैसे ही इसका अस्तित्व समझें। इनके उदय से जीव आंशिक १२ व्रतों को ग्रहण नहीं कर सकता।

तीसरा प्रत्याख्यानी कषाय

जीव के अल्प क्रोध मान माया लोभ रूप परिणाम को कहते हैं। जैसे, रेत पर की लकीर का अस्तित्व कुछ समय तक रहता है, वैसे ही इसका अस्तित्व समझें। इसके उदय से जीव साधु जीवन में प्रवेश नहीं कर सकता है।

चौथा सज्वलन कषाय

जीव के अल्पतर क्रोध मान, माया लोभ रूप परिणाम को कहते हैं। जैसे, पानी की लकीर का अस्तित्व क्षण भर में मिट जाता है, वैसे ही इस कषाय का अस्तित्व मिट जाता है। इसके उदय से मनुष्य यथाख्यात चारित्र प्राप्त न कर सकने से केवल ज्ञान नहीं प्राप्त कर सकता है।

४—समता भाव रूप जीव का सवर भाव

(१) जगत् के सब जीवों की आत्मा को अपनी आत्मा के तुल्य मानना। (२) कल्पित सुख दुःख में सम भाव रखना। (३) सम्यग् दर्शन ज्ञान चरित्र में स्थिरता रूप भाव—समता भाव है।

५—जीव का योग रूप आश्रव द्वार

जीव के द्रव्य प्राण रूप मन, वचन, काया को योग कहते हैं। मन दो प्रकार का है। (१) जीव के मोह राग, द्वेष रूप परिणाम को भाव मन कहते हैं। मति ज्ञानावरणीय कर्म का क्षयोपशमरूप यह मन जीव के ससार अवस्था मे तारतम्य रूप से सर्वदा बारहवें गुणस्थानक तक रहता है। (२) जीव

को विश्वास तथा विचार करने में उपयोगी मनोवर्गणा का द्रव्य मन कहते हैं। यह सज्ञी पचेन्द्रिय जीवों के ही होता है। वचन तीन प्रकार का है, जैसे, सवज्ञ के स्यादूवाद रूप प्रवचन, अल्प ज्ञानी के एकान्त वाद रूप वचन तथा बेइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चार इन्द्रिय, पचन्द्रिय, जीवों के शब्द रूप वचन। काया पांच प्रकार की है, जैसे, तैजस्, कार्मण, औदारिक, वैक्रिय, आहारक शरीर है।

जीव का तेजस् शरीर पुद्‌गल रूप आहार को हजम कर शरीर बनाने मे सहायक होता है। जीव की ससारी अवस्था मे सर्वदा रहता है।

जीव का कामण शरीर—आठ द्रव्य कम रूप पुद्‌गल वर्गणा के समूह को कहते है। यह भी जीव की ससारी अवस्था में सवदा रहता है। किन्तु मोहनीयादि चार घाति कर्मों के समूल नष्ट होने से केवल ज्ञान होता है।

औदारिक शरीर—मनुष्य और पशु पक्षी आदि तिर्यंच गति के जीवों के औदारिक शरीर होता है। जो दृश्यमान शरीर है, उसे औदारिक शरीर कहते हैं।

वैक्रिय शरीर—देवगति, नरक गति के जीवो के वैक्रिय शरीर होता है।

आहारक शरीर—चौदह पूर्व का ज्ञान वाले मुनियों के आहारक शरीर बनाने की लब्धि होती है।

रस बन्ध—जीव के कषाय युक्त भाव में छ लेश्या की जैसे कृष्ण, नील, कापोत अशुभ लेश्या, तथा तेज, पद्म, शुक्ल शुभ लेश्या की तारतम्यता से उन कर्म प्रकृतियों में शक्ति रसबन्ध होता है।

प्रदेशबन्ध—जीव के कायादि योग की क्रिया से उसके आठ रुचक प्रदेशों को छोड़कर बाकी सब प्रदेशों में आठ कर्मों का दूध व पानी की तरह जो मेल होता है, उसे प्रदेश बन्ध कहते हैं।

निर्जरा तत्त्व,

८ निर्जरा—जीव के कर्मों से आंशिक छुटने को निर्जरा कहते हैं। अकाम, तथा सकाम निर्जरा दो प्रकार की है। प्रति समय जीव जिन कर्मों के उदय से सुख दुःख भोगता है, वे कर्म फल देकर अलग होते जाते हैं, उस अकाम निर्जरा को निर्जरा तत्त्व न समझें। मनुष्य सांसारिक इच्छाओं का रोक कर जब आत्म शुद्धि के लिये छ बाह्य तप जैसे (१) अनशन—चौविहार उपवास, (२) ऊणोदरी आम्बिलादि, (३) वृत्ति संक्षेप, (४) रसत्याग, (५) कायक्लेश, (६) संलीनता। तथा छ आभ्यन्तर तप जैसे—१ प्रायश्चित, २ विनय, ३ वैयावच्च, ४ स्वाध्याय, ५ ध्यान, ६ कायोत्सर्ग करता है, तब तथा आत्म ध्यान से, शुक्ल ध्यान से—सकाम निर्जरा होती है। सकामका अर्थ है कि आत्म शुद्धि के लिये तप, ध्यानरूप साधना करना। १२ भावनाएँ, धर्म ध्यानादि का आगे वर्णन करेंगे।

मोक्ष तत्व

आठो कर्मों को क्षय कर जो आत्मा सिद्ध, शुद्ध, ज्ञाता, दृष्टा परमानन्द, अजरामर, निरंजन, निराकार, निर्विकार स्वरूप धनकर लोक के अंत में ऊपर सर्वदा स्थित रहते हैं। उस अवस्था को मोक्ष कहते हैं।

साराश—इन नौ तत्व एवं ६ द्रव्य के स्वरूप को यथार्थतया जानना सम्यग् ज्ञान, उन पर पूर्ण श्रद्धा को सम्यग् दर्शन कहते हैं। अजीव—पुद्गल, पाप, आस्रव, बन्ध का हेय, अन्तमें पुण्य का भी हेय, छोड़ने योग्य समझना तथा आत्मा को उनके प्रभाव से बचाने के लिये जीव, संवर, निर्जरा, मोक्ष को उपादेय समझ कर, आस्रव आदि के द्वारा आते हुए कर्मों को संवर के द्वारा रोकना, तथा बन्धे हुए कर्मों की सकाम निर्जरा के द्वारा क्षय करते रहना ही सम्यग् चारित्र, तथा ऐसे प्रयत्न में स्थिरता ही सम्यग् तप है। तथा इस तरह के पुरुषार्थ (पंडित वीर्य) के द्वारा सब कर्मों के मूल से नाश होने पर मनुष्य सब दु खों से, जन्म, जरा, मृत्यु से, मुक्त हो जाता है। तथा अपने सिद्धात्मा के विशुद्ध परमानन्द स्वरूप को व्यक्त प्रगट कर लेता है, वह मोक्ष-तत्व है। इस प्रकार जीव-आत्मा बीच के सब तत्त्वों के बन्धन से मुक्त होकर सवदा के लिये मोक्षमय (स्वतन्त्र) हो जाता है।

तहिन तुमने तत्व प्रबोधे निश्चय ने व्यवहारे। चेतन ॥१॥
ज्ञेय विचारी हेय ने छंडी, उपादेय स्वीकारे। चेतन ॥२॥
निज पर द्रव्य निश्चय करवा, ज्ञान चरण उर धारे। चेतन ॥३॥
निज निज लक्ष्य एकत्वे प्रगट, सहजानन्द घन भारे। चेतन ॥४॥

ॐ नम

जीव के आठ कर्मोंका निरण एव उनके बन्धका निवेचन

श्री उमास्वाति कृत तत्त्वाथ सूत्र के आधार से।

आठ कर्म—आठ कर्म म से चार कर्म जो जीवके ज्ञानादि मूल गुणों को रोकते या आवरण करते है, उन्हे घातिकम कहते हैं। वे है—ज्ञानावरण कर्म, दर्शनावरणकर्म, मोहनीय कर्म, अत राय कर्म। और चार कर्म जो जीवके सिद्धावस्थामें तो बाधक है, किन्तु उसके केवल ज्ञानादि में बाधक न होनेसे अघातिकर्म कहलाते हैं। वे हैं—वेदनीयकर्म, आयुकर्म, नामकम, गोत्रकम।

जीवकी मनोवृत्ति केअनुसार उसके विभावरूप इन आठ कर्मों के तारतम्य रूपसे—बध होते है, उसे प्रकृति बध कहते है। जीवके तरतम कषाय भावानुसार प्रकृति बधम अमुक समय तक की स्थिति को स्थिति बध कहते हैं।

जीवके तरतम कषाय मे शुभाशुभ लेश्या की तारतम्यता से प्रकृति बध मे शुभाशुभ फल देन की शक्ति को रस बध कहते है। जीवके मन, वचन, काया की क्रियासे आकर्षित होकर कर्म वर्गणाएँ उसके आत्म प्रदेशों म बध जाती है, उसे प्रदेश बध कहते है। इस विषय की विशेष जानकारी के लिये छ कर्मग्रन्थादि का अध्ययन करना उचित है।

जीव को अपनी आत्मा का सम्यग् बोध होने मे बाधक कारणोमे दर्शन मोहनीयकम की मुख्यता है अत पहले मोहनीय का वर्णन करेंगे।

१ मोहनीय कर्म

दो प्रकार के हैं—दर्शन मोहनीय कम तथा चारित्र मोहनीय कर्म।

(१) दर्शन मोहनीकर्म—जीव को आत्म-बोध नहीं होने देता, उसके सात भेद हैं—अनतानुबंधी क्रोध, मान, माया, लोभ, तथा सम्यक्त्व मोहनीय, मिथ्यात्व मोहनीय, मिश्र मोहनीय। इन सात कर्मों के उदय काल म जीव मिथ्या दृष्टि रहनेसे वह प्रथम मिथ्यात्व गुण स्थानक म हैं। इन कर्मों के उपशम, क्षयोपशम, एव क्षय करने से जीव सम्यग् दृष्टि बनता है, तब उसे चौथा गुण-स्थानक प्राप्त होता है।

दर्शन मोहनीय कर्म-बधमे मुख्य कारण यह है कि—अनादि तीव्रतर कषायोदय से जीव का मिथ्या-भाव, परमे मोह अपनापन है (जिससे उसके प्रति समय आयु को छोड कर बाकी सातों कर्म बधते हैं) अथवा मोह भ्रमवश वह अर्हन्त भगवान् में, उनके श्रुत—शास्त्र मे, चतुर्विध सघमे, मोक्ष साधन रूपधर्म मे अविश्वास करता है, उन्हें मिथ्या, या व्यर्थ समझता है, अथवा इनकी निन्दा करता है, ऐसे अध्यवसायों से जीव के विशेषरूप से दर्शन मोह-कर्म बध होता है।

(२) चारित्र मोहनीय कर्म—जीव को अपने ज्ञानादि गुणोंमे रमण नहीं करने देता। उसके २१ भेद है,—अप्रत्याख्यानी क्रोध, मान, माया, लोभ,। प्रत्याख्यानी क्रोध, मान, म

लोभ। सज्वलन क्रोध मान, माया, लोभ, ये बारह कषाय तथा हास्य, रति, अरति, भय, शोक, जुगुप्सा, पुरुषवेद, स्त्रीवेद, नपुसकवेद, ये नौ कषाय, दोनों मिलाकर २१ भेद चारित्र मोहनीय कर्म के हुए।

इस कर्म बन्ध मे मुख्य कारण यह है, कि—रूपी पदार्थों मे ममत्व के कारण जीव को उनसे सयोग की लालसा रहती है। सयोग होने पर उनके क्षणिक सुख मे आन्तरिक रुचि आसक्ति होने से उसके चारित्र मोह का विशेष रूप से बध होता है। तथा सातों कर्मों का बध प्रति समय होता है। अथवा मिथ्या दर्शन के प्रभाव से वह अरिहन्त भगवान् की, उनके धर्म मार्ग की, या धर्मके साधनों की उपेक्षा या उनसे घृणा करता है, अथवा भावा वेश में उन्हें नष्ट करता या हानि पहुचाता है। व्रती पुरुषों को व्रत पालने मे बाधा देता है। मासादि खाने का प्रचार करता है। ऐसे महा अनर्थ कारी कार्य करने से जीव के क्षण भर मे भयकर कर्म बन्धते हैं, और विशेष रूपसे चारित्र मोहनीय कर्म बन्ध होता है। जो भव भव मे भोगते भोगते मुश्किल से छूटता है। इस पर गोशालक के एसे जीवन के फल स्वरूप उसके ससार भ्रमण का वृत्तांत भगवती सूत्र से जानना चाहिये। आत्महित के लिये मनुष्य को सवधानी रख इनसे बचना चाहिये।

२ ज्ञानावरण कर्म

जीव को वस्तु स्थिति का ज्ञान होने मे बाधक है, वे पांच

प्रकार के हैं,—मतिज्ञानावरण, श्रुत-ज्ञानावरण, अवधि ज्ञानावरण, मन पर्यय ज्ञानावरण, केवल ज्ञानावरण।

३ दर्शनावरण कर्म

जीव को वस्तुस्थिति का सामान्यबोध। (दर्शन) में बाधक है। वे नौ प्रकार हैं, चक्षु दर्शनावरण, अचक्षु-दर्शनावरण अवधि-दर्शनावरण, केवल दर्शनावरण, निद्रा, निद्रा निद्रा, प्रचला, प्रचला प्रचला स्त्यानगृद्धि वेदनीय।

ज्ञानावरण कर्म के बंध में मुख्य कारण जीव की अज्ञान दशा है। अत: अज्ञानवश वह ज्ञान, ज्ञानवान्, ज्ञान के साधनों की उपेक्षा करता है, उन्हें छिपाता है, उनसे ईर्ष्या-द्वेष करता है, उनसे अन्य किसी को वंचित या अन्तराय करता है। ज्ञानादि के प्रसार का विरोध कर रोक देता है, तथा प्रशस्त ज्ञान में भी दूषण लगाता है, उप घात करता है। ऐसे कार्यों से ज्ञानावरण कर्म का विशेष रूप से निकाचित बंध होता है। दर्शनावरण कर्म के बंध में भी वे ही सब कारण हैं, किन्तु इस में दर्शन शास्त्र की, जिनेन्द्र भगवान की, दर्शन के साधन मन्दिर, उपाश्रयादि की उपेक्षा, विराधादि करने से दर्शनावरण कर्म का निकाचित बन्ध होता है। ऐसे ज्ञानावरण, दर्शनावरण कर्म बंध से जीव अनेक भवों तक अज्ञानी बना रहता है।

४ अंतराय कर्म

जीवको दान, लाभादि में बाधा देता है, वे पांच प्रकार हैं। दानान्तराय, लाभान्तराय, भोगान्तराय, उपभोगान्तराय, वीर्यान्तराय। दान, लाभ, भोग, उपभोग, वीर्य, पांचों

भिन्न दृष्टि कोण से विचार करने से इनका यथार्थ ज्ञान होगा।

जैसे, आत्मिक दृष्टि से दान का अर्थ साधु के लिये यतनासे व्यवहार करना तथा सर्वज्ञ के वचनानुसार उपदेश देना है। गृहस्थ के लिये जयणासे व्यवहार करना तथा अभयदान, सुपात्र दान देना है।

व्यवहार दृष्टि से दान—दीन दुखी को अन्न, वस्त्रादि, रोगी को दवादि देना है।

आत्मिक दृष्टि से लाभ का अर्थ—सम्यग् दर्शन, ज्ञान, चारित्र, तप, वीर्य एव व्रतादि धर्मध्यान के लाभ प्राप्ति होने को समझ।

व्यवहार दृष्टि से लाभ—रूप, बल, यौवन आदि तथा मकान, धन धान्य, सन्मानादिके लाभ—प्राप्ति होनेको कहते हैं।

इसी प्रकार भोग, उपभोग, वीर्य म दोनों दृष्टि से विचार करना चाहिये। अत जो मनुष्य अन्य किसी जीव को इन पाचो लाभादिमे अन्तराय बाधा देता है, उसे भी इन लाभो में बाधा आयेगी। इसे अन्तराय कर्म कहते हैं। जैसे, भगवान् रिषभदेव ने पूर्वजन्म में किसी बैल के मुह म छींका बाँध दिया था, जिससे बैल १२ घटो तक चारा पानी न करसका, फलस्वरूप भगवान को १२ महीनों तक आहार पानी का अतराय रहा। इसी प्रकार किसी के धर्म, ध्यानादि मे बाधक बननेसे अपने को भी धर्म ध्यानादिमे बाधा आवेगी ही। अपना हित चाहने वाले को किसी के लाभादि मे बाधक नहीं बनना चाहिये।

५, वदेनीयकर्म—दो प्रकार हैं,—असातावेदनी, साता वेदनीय

(१) असातावेदनीय कर्म—पापके कडवे फलों को असाता वेदनीय कहते हैं। इनके बध में मूल कारण ये है कि दुःख, शोक, सताप, आक्रन्दन (आर्त ध्यान) करनेसे, अथवा वध, हिंसादि करने से असाता का बंध होता है। सुख चाहने वाले मनुष्य को इनसे अवश्य बचना चाहिये।

(२) सातावेदनीय कर्म – पुण्य के मीठे फलोंको सातावेदनीय कहते हैं, इसके बध म ये कारण हैं। सभी प्राणियोंपर दया रखने से। साधु साध्वी, श्रावक, श्राविका व्रतियों पर विशेष दया रखने तथा उन्हें दान देनेसे। तथा कीर्ति की इच्छा बिना दान देनेसे। सराग सयम (साधु के पच महाव्रत), सराग—सयमासयम (श्रावकके १२ व्रतों) से। आत्म भाव बिना मत न लेनेपर भी दुःख कष्टों को शान्ति से सहने से। मिथ्या दृष्टिके बालतपसे तथा लोभादि को कमकर सतोष रखने से, तथा शक्ति रहते हुए भी विपरीत परिस्थितिम भी क्रोधादि न कर क्षमादि करनेसे जीव के साता वेदनीय कर्म पुण्य का बंध होता है। नीति या लौकिक धर्म पालने से मनुष्यके साधारण पुण्य बंधता है।

६—आयुकर्म—जीवके भावानुसार उसके जब तीव्रतम परिणाम होते हैं, तब गति, उसमें स्थिति आयु का बध होता है। आयुकर्म का बध जीवन मे एक बार ही होता है। गतिचार हैं —देवगति, मनुष्यगति, तिर्यंचगति, नरकगति।

(१) नरकगति—दुखों की तारतम्यता से सात है। अति लोभवश जीवके धन, धान्यादि ६ प्रकार के परिग्रहों में अत्यन्त ममत्व होने के कारण उन्हें सचय करता है, या करना चाहता है। उसे बहु परिग्रही कहते हैं, तथा उसके सचय के लिये महा आरम्भ समारभ करता है, जिससे पृथ्वी, जलादि तथा त्रस-जीवों की बहुत हिंसा होती है, उसे महारभ कहते है। इस प्रकार महाआरम्भ, महापरिग्रह के कारण मनुष्य नरक गति के अनुकूल आयुकर्म का बधकर मृत्युके वाद नरक में जन्म लेता है।

(२) तिर्यंचगति—मच्छादि जलचर, पशु आदि स्थलचर, पक्षी आदि खेचर तथा स्थूल या सूक्ष्म वनस्पतिकाय, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु है। अतितृष्णावश जीव की विषयों मे लोलुपता के कारण वह उसे प्राप्त करने के लिये अत्यन्त माया प्रपच करता है, जिससे मनुष्य अपने भावानुसार तिर्यन्च गति के अनुकूल आयु कर्म बध होने से वह मृत्यु के बाद उनमे जन्म लेता है।

(३) मनुष्यगति—अढाई द्वीप के १०१ क्षेत्रामे मनुष्य जन्म लेते हैं, मनुष्य आयु मे बध का कारण—अल्प आरम्भ अल्प परिग्रह याने प्रयोजन के अनुसार आरभ करना परिग्रह रखना, तथा दया, सरलता कोमलतादि गुण से मनुष्य आयु का बध होता है।

(४) देव आयु—चार निकाय के देव जैसे वानव्यतर देव, भुवन पतिदेव, ज्योतिषी देव, वैमानिकदेव।

मिथ्यादृष्टि मनुष्य के अज्ञान तप या सयम से। गृहस्थ के

१२ व्रतपालन करने से, तथा पचमहाव्रत रूप साधु जीवन से भावानुसार देव आयु का बंध होता है।

(७) नामकर्म—जीव के नामादि को कहते हैं, वे दो प्रकार हैं—अशुभ-नाम तथा शुभनाम कर्म। मनुष्य के शरीर, मन, वचन के द्वारा होनेवाली कुटिलता, विषमता से अशुभ नाम कर्म का बंध होता है, इसके विपरीत योग की सरलता, समता से शुभ नाम कर्म का बंध होता है। नामकर्म के ४२ भेदों तथा उत्तर भेदों में जो शुभ हो उसे - शुभनामकर्म बाकी के—अशुभ नाम कर्म समझें। नामकर्म के मूलभेद ४२ हैं, जैसे, गतिनाम, जाति नाम, शरीर नाम, अंगोपांगनाम, निर्माणनाम, बंधननाम, संघात नाम, संस्थाननाम, संहनननाम, स्पर्शनाम, रसनाम, गंधनाम, वर्णनाम, आनुपूर्वीनाम, अगुरुलघुनाम, उपघातनाम, परघातनाम, आतपनाम, उद्योतनाम, उच्छ्वासनाम, विहायोगतिनाम, प्रत्येक शरीरनाम, साधारण शरीरनाम, त्रसनाम, स्थावरनाम, सुभगनाम, दुर्भगनाम, सुस्वरनाम, दुःस्वरनाम, शुभनाम, अशुभनाम, सूक्ष्मनाम, बादरनाम, पर्याप्तनाम, अपर्याप्तनाम, स्थिरनाम, अस्थिरनाम, आदेयनाम, अनादेयनाम, यशोनाम, अयशोनाम, ये कुल ४१ हुए, तथा तीर्थङ्करनाम कर्म मिलाकर ४२ भेद हुए। नामकर्म के उत्तर भेद अनेक होते हैं। जैसे गति के भेद से नरकादि चार गति के नाम, जाति के भेद से एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, और पंचेन्द्रि जाति नाम कर्म हैं।

८—गोत्रकर्म—दो भेद हैं—नीचगोत्र और उच्चगोत्र। नीच गोत्रकर्म दूसरों की निन्दा करने से, दूसरों के गुणों को ढकने से तथा अपनी प्रशंसा करनेसे या अपने में गुण न होने पर भी दम्भकरने से मनुष्यके नीच गोत्रकर्म बंधता है। उच्चगोत्रकर्म—दूसरों के गुणों की प्रशंसा करना तथा अपने दोषों की निन्दा करने या खराब समझने से मनुष्य के उच्चगोत्र कर्म का बंध होता है।

श्रीसहजानन्द कृत—

इच्छा रोधन तप—पद

जेजे ईच्छेलु पूर्वे, तेते मले अत्यारे।
जेजे ईच्छयुँ न पूर्व तेतो मले न क्यारे ॥१॥
जे मोह भावे ईच्छयु, तिनने मुझरा जेनु ।
तन संग बंधनादि, फलीने मल्युज तेवुँ ॥२॥
तेथी मुझायछे तुँ, पण एछे दोष केनो।
छे निमित्त मात्र तने, दछे तु दोष सेनो ? ॥३॥
करे हर्ष शोक शानो ? तज मोह रे अभागी,
निज दोष थी बंधाया, छुटे ए दोष त्यागी ॥४॥
मम भाव थी सहीले, राग्या रहे न कर्मो,
आवे तने छोडवा, था केम तु निशर्मो ॥५॥
ऐने जो तजेनो, सहजात्म स्वरूप दृष्टा,
स्थिर ध्यानमां ठरे तो, छो सहजानन्द सृष्टा ॥६॥
ॐ शान्ति

मनुष्य मार्गणा यन्त्रकम्

मनुष्य ओघ से तथा पहला गुणस्थानक मिथ्यात्व से तेरहवें गुणस्थानक तक
कितने कितने कम बाँधता है, तथा चौदहवें अयोगी गुणस्थानक में
कर्म नहीं बाँधता उसकी तालिका।

गुणस्थानकों के नाम	बन्धप्रकृति	अबंधप्रकृति	विच्छेदप्रकृति	ज्ञानावरणीय	दर्शनावरणीय	वेदनीय	मोहनीय	आयुकर्म	नामकर्म	गोत्रकर्म	अन्तरायकर्म	मूलप्रकृति
ओघे	१२०	०	३	५	९	२	२६	४	६७	२	५	७ या ८
१ मिथ्यात्वे	११७	३	१६	५	९	२	२६	४	६४	२	५	७ या ८
२ सास्वादने	१०१	१९	३१	५	९	२	२४	३	५१	२	५	७ या ८
३ मिश्रे	६९	५१	०	५	६	२	१९	०	३१	१	५	७
४ अविरते	७१	४९	४	५	६	२	१९	१	३२	१	५	७ या ८
५ देशविरते	६७	५३	४	५	६	२	१५	१	३२	१	५	७ या ८
६ प्रमत्तसयते	६३	५७	६ ७	५	६	२	११	१	३२	१	५	७ या ८
७ अप्रमत्तसयते	५९ / ५८	६१ / ६२	१	५	६	१	९	१	३१	१	५	७ या ८
निवृत्ते	२६ / ५६ / ५८	९४ / ६४ / ६२	२ ३	५	४ / ६	१	९	०	३१	१	५	७
९ अनिवृत्ते भागे	२० / २१ / २२	१०० / ९९ / ९८	१ / १ / १	५	४	१	४ / ५	०	१	१	५	७
९ अ ,,	१८ / १९	१ २ / १ १	१ / ५	५	४	१	१ / २	०	१	१	५	७
१० सूक्ष्मसपराये	१७	१०३	१६	५	४	१	०	०	१	१	-	६
११ उपशांतमोहे	१	११९	०	०	०	१	०	०	०	०	०	१
१२ क्षीणमोहे	१	११९	०	०	०	१	०	०	०	०	०	१
१३ सयोगी केवली	१	११९	१	०	०	१	०	०	०	०		
१४ अयोगीकेवली	०			०	०	०	०	०	०			

ॐ नम

अशुभ आर्त्तध्यान, रौद्रध्यान का विवेचन

श्री यशोविजय कृत अध्यात्म सार के आधार से।

१ आर्त्तध्यान—शरीरादि में मोह ममत्व के प्रभाव से होनेवाली विचार मग्नता को कहते हैं। ये चार हैं—अनिष्ट-सयोग आर्त्तध्यान रोगार्त्त ध्यान, इष्ट वियोग आर्त्तध्यान, निदानार्त्तध्यान।

(१) अनिष्ट सयोग—मन के प्रतिकूल शब्दादिक विषय जो प्राप्त हुए हैं उनका कसे वियोग हो, तथा अनिष्ट पर शत्रु आदि का सयोग न हो जाय, इस प्रकार विचार चिन्तन को पहला आर्त्तध्यान कहते है।

(२) रोगार्त्त - अपने या परिवार के रोग की पीडा से व्याकुल रहना तथा तत् सम्बन्धी चिन्ता करने को दूसरा आर्त्त-ध्यान कहते हैं।

(३) इष्ट वियोग—लोभवश मन के अनुकूल शब्दादिक विषय वासना की कैसे पूर्ति हो, धनादि की इच्छाय कैसे पूर्ण हों तथा प्राप्त धनादि परिग्रह के वियोग होने से दुःख चिन्ता कर विचार धारा का तीसरा आर्त्तध्यान कहते है।

(४) निदानार्त्त—धर्म के फल स्वरूप इस लोक तथा परलोक के क्षणिक सुखो को तथा इन्द्रादिक पद प्राप्त करने रूप विचार मग्नता को चौथा आर्त्तध्यान कहते है।

वाले के प्रति हिंसारूप चिन्ता तथा धनादि के संचय के लिये हिंसा युक्त व्यापार के चिंतन रूप विचार धारा को चौथा रौद्र ध्यान कहते है।

मनुष्य के ऐसे ऐसे अध्यवसायों में तीनों अशुभ लेश्या की तारतम्यता से उसके आयु कर्म का बन्ध हो जाय तो मरने पर वह पहले से सातवें नरक तक जा सकता है। अतः रौद्रध्यान रूप भीतरी शत्रु से सावधान रहकर अपने को दुर्गति में जाने से बचाओ। आप वचन काया से धार्मिक क्रिया करते हों, किन्तु आप का मन कषाय भावों की तीव्रता से आर्त्तध्यान या रौद्र-ध्यान करता हो तो आप उसके बुरे परिणाम से अपने को नहीं बचा सकते। जैसे, राजा प्रसन्नचन्द्र को संसार से विराग हो जाने के कारण उन्होंने दीक्षा ली—साधु बन गये। भगवान महावीर के समवसरण के पास आत्म साधना के लिये वे कायोत्सर्गध्यान में खड़े हो गये। उधर से जाते हुए किसी ने कहा कि राजा साधु हो गये, उधर शत्रु ने युवराज को बालक जान राज्य पर चढ़ाई कर दी। राजऋषि के कानों में भी ये शब्द पहुंचे, जिससे वे अपने साधनावस्था को भूलकर मन ही मन शत्रु से लड़ाई करने लगे, इस प्रकार गहरे रौद्रध्यान में तल्लीन हो गये। इधर राजा श्रेणिक ने भगवान् से प्रसन्नचन्द्रजी के तपश्चर्या की प्रशंसा की, तो भगवान् ने कहा कि यदि अभी उनकी मृत्यु हो तो सातवें नरक में जावे। श्रेणिक को यह सुनकर आश्चर्य होने से कारण पूछा, तब भगवान् ने उसके रौद्रध्यान

की बात कही। इधर राजऋषि ने ध्यान की तीव्रता में ही अपने मस्तक मे हाथ रखा तो मुकुट नही पाया, उनके विचारो ने पलटा खाया, हार्दिक पश्चाताप कर इकट्ठे हुए कर्म दलियों को बिखेर दिया। यदि रौद्रध्यान मे बुद्ध और स्थिति रहती तथा कर्मों मे स्थिति, रसादिका बध पड गया होता तो क्या वे नरक जाने से बच सकते? अत आर्त्तध्यान, रौद्रध्यान व बुरे फल को आप स्वय विचार तथा उनसे बचने का प्रयत्न करना आपका कर्तव्य है।

मनोजय मत्रपद–श्री सहजानन्द कृत

मुक्षमां मुक्षमां मुक्षमारे, परभाव चेताजी मुक्षमारे।
आप-स्वभाव घर सौख्य भर्युं छे, ज्ञान आनन्द अनुपमारे।
देह, स्वजन, धन, राग सम्बधे, शाने पडे भव कूपमारे ॥पर०॥
इष्ट सयोग ए तो पुण्य तणु फल, ते तो अनित्य स्वरूप मारे।
एकांत दु खमय तेम छता तू, शाने राचे जड धूपमारे ॥पर०॥
अनिष्ट सग फल पाप तणुए हसे क्यूं छे ते जमारे।
जवु वावे ते लणे तेवु फल, धरे पछी शुं अणगमारे॥पर०॥
इष्ट अनिष्टमां धर तु समता उर, विकल्प जाळ सवी शमारे।
मत्र मनोजय अजपा अगीकर, जो सत् सौख्यतणी तमारे ॥पर०॥
मन स्थिरताए प्रगटे सहजानन्द, थाजी हवे तू चूकमारे।
अचित्य ज्ञ भव पामी हवे, निज आत्म सेवाने मुक्षमारे ॥पर०॥

ॐ शान्ति

ॐ नमः

शुभ १२ भावनाएं तथा ४ धर्म ध्यान का विवेचन

श्री यशोविजयकृत अध्यात्मसार के आधार से।

मनुष्य को धर्म ध्यान करने योग्य पात्र बनानेवाली चार भावनाएं है, जैसे वैराग्य, दर्शन, ज्ञान, चारित्र भावना तथा अनित्यादि १२ भावनाएं।

१ वैराग्य भावना—१ अनित्य भावना, २ अन्यत्व भावना, ३ अशुची भावना,

२ दर्शन भावना—४ अशरण भावना, ५ बोधि दुर्लभ भावना ६ एकत्व भावना,

३ ज्ञान भावना—७ लोक स्वरूप भावना, ८ आश्रव भावना, ९ संसार भावना,

४ चारित्र भावना—१० संवर भावना, ११ निर्जरा भावना, १२ धर्म दुर्लभ भावना,

(१) अनित्य भावना शरीर, रूप, यौवन, धन धान्यादि प्रत्येक रूपी पदार्थ क्षणिक है, विनाशी है। अतः हे आत्मा! इनमें मत राच।

(२) अन्यत्व भावना—शरीर, स्त्री, पुत्र, परिवार, घर देहादि सभी अलग दीखते है, मृत्यु के बाद कोई साथ नहीं जाता। अतः हे मन! इनमें ममत्व न कर।

(३) अशुचि भावना—शरीर मल, मूत्र, रक्त मांस, हड्डियों का समूह है। यदि चमड़ी न रहे तो दुर्गंधादि से घृणा होने लगती है। अतः इसका मिथ्या अभिमान न कर।

(४) अशरण भावना संसार में जीव को कोई शरण नहीं हो सकता क्योंकि सर्व रूपी पदार्थ नाशवान् हैं। अत मनुष्य को सवज्ञ भाषित सत् धर्म का ही शरण लेना कर्तव्य है।

(५) बोधि दुर्लभ भावना—अनादि मोह भ्रमसे, संसार के आकर्षण से मनुष्य को आत्म बोध होना दुर्लभ है। अत हे आत्मन्! प्रतिबोध पाने के लिये भागीरथ प्रयत्न कर।

(६) एकत्व भावना—मनुष्य अकेला जन्मता है, मरता है तो अकेला ही जाता है। उसकी किसी रूपी पदार्थ से एकता नहीं। यदि किसी से है तो सिद्ध परमात्मा से है।

(७) लोक संस्थान भावना—अलोक के मध्य यह लोक—पुरुषाकार,१४ रज्जु प्रमाण है, जिसमें नरकादि चार गतियां है। वहाँ पर क्या है उनका विचार करना।

(८) आश्रव भावना—मनुष्य मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय, योग में रमण करता है। अत हे मन! इनमे रमण करना छोड़ नहीं ता दु ख पायेगा।

(९) संसार भावना—जो मनुष्य आश्रवों में रमता है वह संसार के चार गतियों के चौरासी लाख जीवा योनियों में भ्रमण करता है। संसार दावानल की तरह मनुष्य के चित्त को दग्ध करती है, तथा समुद्र की तरह भय, त्रास देनेवाली है। हे, आत्मा! अत इसके कृत्रिम सौंदर्य में मोहित न हो।

(१०) संवर भावना—आश्रवद्वार को रोकनेवाला सम्यक्त्व, विरति, अप्रमत्तदशा, समताभाव तथा तीन गुप्तियां हैं। अत हे आत्मन्! इन्हें समझ कर तदनुकूल आचरणकर।

(११) निर्जरा भावना—हे आत्मन् ! इस भयानक संसार भ्रमण से बचने के लिये बारह तप तथा ये बारह भावनाओं का चिन्तन कर एवं क्रमशः धर्म ध्यान ध्याने का प्रयत्न कर।

(१२) धर्म दुर्लभ भावना—चारित्र मोहनीय कर्म के उदय से मनुष्य आत्म ध्यान से वंचित रहता है, बिना आत्म उपयोग में रहे यथार्थ धर्म होना दुर्लभ है। अतः शीघ्र आत्म साधन करना हो तो तन मन धनको साधना में निछावर कर दे।

३ धर्मध्यान—मनुष्य को दुर्गति से बचाने में समर्थ धर्म-सर्वज्ञ वचन में विचार-मग्नता को धर्मध्यान कहते हैं। वे चार प्रकार हैं। आज्ञा विचय धर्मध्यान, अपाय-विचय धर्मध्यान, विपाक विचय धर्मध्यान, संस्थान विचय धर्मध्यान।

(१) आज्ञा विचय धर्मध्यान—सर्वज्ञ की आज्ञा का विचय-विचार, चिन्तन करना है।

भगवान महावीर स्वामी का स्याद्वाद स्वरूप पारमार्थिक प्रवचन जो सातनय, सप्तभंगी से युक्त तथा नाम से, स्थापना से द्रव्यसे, क्षेत्रसे, कालसे, भावसे एवं प्रत्यक्ष प्रमाण केवल ज्ञानसे प्रमाणित वाणी प्राणिमात्र के लिये हितकारी, भव्य जीव के लिये कल्याणकारी है। इस अमृत तुल्य वाणी का जो प्राणी आदर कर पालन करेगा, वह संसार में सुखी होगा। तथा जो भव्य जीव समझकर सादर पालन करेगा वह मार्गानुसारी बन कर क्रमशः तीव्र कषाय भावों को उपशम कर अपने दर्शन मोहनीय के सातों प्रकृतियों का क्षयोपशमादि करके सम्यग्दृष्टि

बन जायगा, तथा चारित्र मोहनीय कर्म का आंशिक क्षयोपशम करने पर श्रावक के १२ व्रतों को पाल सकेगा, क्रमश प्रत्याख्यानी कषाय का क्षयोपशम करने पर वह साधु जीवन-पच महाव्रतादि पालन कर सकेगा।

(२) अपाय विचय धर्मध्यान, अपाय—दु ख के कारणों का, विचय विचार, चिन्तन करना। स्वच्छन्द प्रवृत्ति वाले सभी जीव तथा वे मनुष्य जो भगवान की वाणी के आशय को नहीं समझ पाये हैं, उन्हें आत्म स्वरूप का भान न रहने से शरीरादि में मोह ममता, राग, द्वेष करते हैं। फल स्वरूप जन्म मरण कर दु ख पाते हैं। अत भगवान की वाणी के आशय को समझकर रूपी पदार्थों म मोह ममता तथा कषाय भावों को उपशमादि करने से ही जन्म मरण रूप दु ख से छुटकारा पाया जा सकता है।

(३) विपाक विचय धर्मध्यान, विपाक-कर्म के फलों का, विचय विचार चिन्तन करना है। जैसे, कषाय युक्त विषम भावों से जीव जैसे-जैसे आयु, उदयीयादि कर्मबंध करता है, वैसे वैसे ही उसे अपन कर्मों का फल भोगना पड़ता है। अपन उन-उन कर्म फल को भोगने के लिए वैसी गतिमे वैसा वेसी परिस्थितियों को सहन करना ही पड़ता है। इससे जीव को भय, चिन्ता, दु ख हमेशा बना रहता है। अत कर्म के इस शृ खला को तोड़ने के लिये विवेकी मनुष्य का कर्त्तव्य हो जाता है कि कर्म फल को भोगते समय स्वतम अव्यापक रहकर साक्षी भाव से बरते।

(४) संस्थान विचय धर्मध्यान—संस्थान-संसार के स्वरूप

का, निचय विचार-चिन्तन करता है। अनत आकाश के मध्य मे असत्यप्रदेशी पुरुषाकार चौन्ह रज्जु प्रमाण लोक है। लोक के नीचे के मध्य भागों मे सात नरक हैं, उसके उपर भुवनपति नाग कुमारादि देव ह, यहाँ तक अधोलोक है। तथा उपर वाण-व्यन्तरादि देव, उसके उपर असख्य द्वीप, समुद्र वाला मध्यलोक है, बीच के अढाईद्वीपों के १०१ क्षेत्रोंमे मनुष्य, पशु, पक्षी आदि हैं, बाकी सब द्वीपों मे तिरियच गति के ही जलचर, स्थलचर, खेचर-पक्षी आदि प्राणी है। इनके उपर सूर्य, चन्द्रादि ज्योतिषी देव है। उसके उपर ऊर्ध्वलोक म बारह वैमानिक देवलोक, नव ग्रैवेक, एव अनुत्तर विमान रूप लोक क्रमश उपर-उपर ह। ललाट मे सिद्ध शिला है। एव लोक के अन्त मे अनत सिद्ध परमात्मा स्थित हैं।

अनादि मोह ममता से स्वछद वर्त्तन के कारण जीव जैसे जैसे कर्म बधन करता है उसके फल को भोगने के लिये लोक (ससार) के वैसे वैसे स्थानो में जन्म लेकर वैसी-वैसी परिस्थितियों के द्वारा अपने कर्म फलों को भोगता है।

धम ध्यान मे तेज, पद्म शुक्ल तीन शुभ लेश्याओं मे से एक लेश्या होती है। लेश्या की तारतम्यतासे धर्मध्यान मे आयु-वेदनीयादि कर्म का बधन हो तो मनुष्य अपने तारतम्य भावानुसार मनुष्य गति या देवगति मे जन्म लेता है। अत मनुष्य को दुर्गति म ले जाने वाले आर्त्तध्यान, रौद्र ध्यान को उसे इस प्रकार धमध्यान से रोकना कर्त्तव्य है।

पिंडस्थ, पदस्थ, रूपस्थ एव रूपातीत ध्यान का विवेचन

श्री हेमचन्द्राचार्य कृत योग शास्त्र के आधार से।

पुरुषाकार त्रिलोक के मध्य (नाभि) भागमें, अढाइ द्वीपों में १०१ मनुष्य क्षेत्र हैं। जहाँ मनुष्य जन्म लेते हैं। पुरुषाकार लोक (ससार) के अतमें सिद्धात्माओं का स्थान मोक्ष है। अत मनुष्य को अपने ससार-बधन से मुक्त होकर, अपने लक्ष्य स्थान में पहुचना है।

मनुष्य शरीर का मध्य—नाभि कमल है, ॐकार की ध्वनि यहाँ से निकलकर उर्ध्व गमन करती है। मनुष्य का हृदय, शक्ति केन्द्र तथा मस्तक विचार केन्द्र है, वह हृदय से विश्राम तथा मस्तक से विचार करता है। जीवके आठ रुचक प्रदेश जिनमें कर्म नहीं लगते, वे उसके चेतन शक्ति केन्द्र हैं—त्रिकाल निर्मल है। उस विशुद्ध चेतन सत्ता के कारण ही जीव को नैगम नय से आगम मे सिद्धात्मा के तुल्य कहा है।

यदि मनुष्य अपने आत्म प्रदेशों को कर्मों से रहित विशुद्ध करना एव अपने सत्ता मे बीज रूपसे रहे हुए केवल ज्ञान का अनुभव प्रतीति रूपसे करना चाहे तो उसे प्रवृत्ति से निवृत होकर या सामायिक (४८ मिनिट तक) लेकर एक आसन में बैठे, तथा समता भाव से पिंडस्थ ध्यान इस प्रकार कर सकता है। 'जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी'। जैसे मैं चेतनमय आत्मा जड शरीर पीजडे मे बसा हु, अत मध्य शरीर नाभि से ॐ ध्वनि के सहारे उर्ध्वगमन कर साधना पर साधु म पहुचकर स्थिर हो जाऊँ। (२) पदस्थ ध्यान—पच परमेष्ठि स्वरूप ॐकार

अनादि मत्राक्षर उर्ध्व पहुंच कर माधक के मुख मडल पर पूर्व कथनानुमार स्थिर होता है, उसमे रहे पच परमेष्ठि स्वरूप का ध्यान करना, पदस्थ ध्यान है।

(३) रूपस्थ ध्यान—भृकुटि में चन्द्राकार पर अरिहंत भगवान् समवसरे (विराजे) हैं उनको निरखते हुए उनके केवल ज्ञानादिस्वरूप का विचार ध्यान करने को रूपस्थध्यान कहते हैं।

(४) रूपातीत ध्यान—बिन्दु मे सिद्ध परमात्मा के निरजन, निराकार निर्विकार स्वरूपके ध्यान में तल्लीन होना, याने ध्याता का ध्यान के द्वारा ध्येय म समानाना समाधिस्थ हो जाना है।

निज कर्त्तय पद—श्री सहजानन्दकृत

